हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 19 अक्तूबर 2025 | अंक 10/ वर्ष 7 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध• सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

## रामायण थीम लेजर और ड्रोन शो ने मोह लिया मन

# दीपों की रोशनी में जगमगाया दिल्ली का कर्तव्य पथ





**नई दिल्ली.**

दिल्ली सरकार ने इस बार दिवाली को खास अंदाज़ में मनाने के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया. राजधानी के प्रतिष्ठित कर्त्तव्य पथ को दीयों से सजाया गया, जिससे पूरा इलाका रोशनी से जगमगा उठा. इस आयोजन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के सदस्य भी शामिल हुए. धनतेरस और दीपावली के अवसर पर दिल्ली सरकार ने रामायण थीम पर आधारित लेजर और ड्रोन शो का आयोजन किया, जिसने दर्शकों को आध्यात्मिकता और तकनीक का अद्भुत संगम दिखाया. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस मौके पर दिल्लीवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व सभी धर्मों और समुदायों को जोड़ने का अवसर है. दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने कार्यक्रम के दौरान कहा, "पिछली सरकारें सनातन त्योहारों के प्रति द्वेषपूर्ण रवैया रखती थीं और वोट बैंक की राजनीति के चलते अल्पसंख्यकवाद को बढ़ावा देती थीं. लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार सभी वर्गों और धर्मों को बराबरी का मौका देती है. यही कारण है कि आज दिल्ली में इतनी भव्य और जगमग दिवाली मनाई जा रही है." दिल्ली का कर्तव्य पथ पहली बार ऐतिहासिक दीपोत्सव की मेजबानी कर रहा है. जहां 1 लाख 11 हजार दीपों की जगमगाहट, भव्य ड्रोन शो, राम कथा की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सनातन चेतना के संगम ने त्योहार के इस उत्सव को अविस्मरणीय बना दिया. इसके साथ ही दिल्लीवासी और देशवासी इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक प्रेरणादायक संदेश साझा करते हुए दिल्लीवासियों को कर्तव्य पथ पर पहले दिव्य दीपोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण दिया था.

### ड्रोन शो से दिखाए रामायण के प्रमुख प्रसंग

कर्तव्य पथ पर 1 लाख 11 हजार दीपों की जगमगाहट, भव्य ड्रोन शो, राम कथा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दिल्ली को सनातन संस्कृति के रंग में रंग दिया. कर्तव्य पथ पर हो रहा ये दीपोत्सव दिल्ली के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा. यहां आधुनिक तकनीक और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है. सैकड़ों ड्रोन द्वारा प्रस्तुत भव्य ड्रोन शो में रामायण के प्रमुख प्रसंगों को जीवंत किया गया है, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है. राम कथा पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भक्ति संगीत और नृत्य नाटिकाएं इस आयोजन को और भी भव्य बना रही है.

## हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट में लगी आग



**ढाका.** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कार्गो एरिया में आग लग गई। अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल सकी है। आग इतनी तेज फैली कि एयरपोर्ट अथॉरिटी को सभी उड़ाने तुरंत रोकनी पड़ीं। दिल्ली से ढाका जा रही फ्लाइट का रूट चेंज कर कोलकाता भेज दिया गया। फायर सर्विस ने बताया कि आग एयरपोर्ट के गेट नंबर 8 के पास कार्गो विलेज में दोपहर 2:30 बजे के आसपास शुरू हुई। अभी तक किसी की जान नहीं गई है, लेकिन माल ढुलाई का बड़ा नुकसान होने की आशंका है। काला धुआं इतना घना था कि आसपास के इलाकों में हवा खराब हो गई। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है।

## ग्रेटर नोएडा में जगह-जगह ट्रैफिक जाम



**नई दिल्ली.** धनतेरस के दिन दिल्ली-एनसीआर की सड़कों पर त्योहार की रौनक के साथ-साथ भीषण ट्रैफिक जाम का आलम देखने को मिला. शाम ढलते ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम की मुख्य सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं. बाजारों में खरीदारी की भीड़ और ऑफिस से लौटते लोगों के कारण सड़कें रेंगती नजर आईं. नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे पर दोपहर बाद से ही वाहनों की रफ्तार थम गई. सेक्टर-62 से सेक्टर-52 और सिटी सेंटर की ओर जाने वाले रास्तों पर भी जाम जैसी स्थिति बनी रही.

सेक्टर-94 से लेकर सेक्टर-142 तक गाड़ियां रेंग-रेंग कर चलीं. सेक्टर-62 से सेक्टर-52 की ओर जाने वाले रोड पर भी जाम जैसी स्थिति बनी रही. वहीं, सेक्टर-52 से नोएडा सिटी सेंटर की तरफ बढ़ना लोगों के लिए मुश्किल हो गया. लगातार बजते हॉर्न, धुएं और भीड़ के बीच वाहन रेंगते हुए आगे बढ़ते दिखे. धनतेरस के कारण बाजारों में रौनक चरम पर रही. सोने-चांदी की दुकानों, मॉल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम के बाहर गाड़ियों की पार्किंग फुल हो गई. सेक्टर-18, अट्टा मार्केट और ग्रैंड वेनिस मॉल जैसे इलाकों में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया. ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, "धनतेरस और दिवाली के बीच हर साल ऐसा दबाव देखने को मिलता है.

इस बार भी लोगों की खरीदारी और त्योहार की वजह से सड़कों पर वाहनों की संख्या सामान्य दिनों से लगभग दोगुनी रही." ग्रेटर नोएडा में भी ऐसी ही स्थिति नजर आई. शहर में भी कई जगह जाम दिखा. अल्फा गोल चक्कर के पास भीषण जाम की स्थिति नजर आई. इसके अलावा रूट डायवर्जन की वजह से भी शहर के कई हिस्सों में भीषण जाम नजर आया. दिल्ली में आनंद विहार, आईटीओ, रिंग रोड, लक्ष्मी नगर और सराय काले खां के पास वाहनों की भारी भीड़ रही. कई जगहों पर ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्ट किए, लेकिन सड़कों पर दबाव कम नहीं हुआ. गाजियाबाद के कौशांबी, वैशाली और राजनगर एक्सटेंशन इलाकों में जाम के कारण लोगों को देर तक फंसे रहना पड़ा फरीदाबाद और गुरुग्राम में भी ट्रैफिक ने लोगों की परीक्षा ली. मेन दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर शाम के वक्त वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. सोहना रोड, एमजी रोड और सैक्टर-29 मार्केट के आसपास कारें रेंगती रहीं.


वहीं फरीदाबाद के बाटा चौक, बल्लभगढ़ और मथुरा रोड पर भी जाम ने लोगों को परेशान किया. ट्रैफिक पुलिस सभी शहरों में मुस्तैद रही और कई जगह जाम खुलवाने के प्रयास किए, मगर भीड़ के आगे व्यवस्थाएं कमजोर पड़ीं. अधिकारियों के मुताबिक, धनतेरस पर हर साल ऐसा दबाव देखने को मिलता है, लेकिन इस बार त्योहार की खरीदारी और दफ्तरों की छुट्टी एक साथ पड़ने से स्थिति और बिगड़ गई. लोगों को सलाह दी गई है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें और मेट्रो या सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग करें.

## गरीब रथ ट्रेन में लगी आग



**नई दिल्ली.** पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास शनिवार सुबह अचानक से अफरातफरी मच गई. यहां लुधियाना से दिल्ली जा रही ट्रेन नंबर 12204 अमृतसर-सहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस के एक कोच में अचानक से आग लग गई. सुबह करीब सात बजे की इस घटना ने यात्रियों में हड़कंप मचा दिया. धुआं और आग की लपटें देखते ही लोग घबराकर चिल्लाने लगे, जिसके बाद ट्रेन में अफरातफरी का माहौल बन गया इस गरीब रथ एक्सप्रेस में सवार लोगों के मुताबिक, 'ट्रेन ने जैसे ही सरहिंद स्टेशन को पार किया, तभी एक यात्री ने बोगी नंबर 19 से धुआं उठते देखा. उसने तुरंत चेन खींचकर ट्रेन रुकवाई. लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाई और ट्रेन को सुरक्षित स्थान पर रोक दिया. इसी बीच कोच से आग की लपटें उठने लगीं, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई. लोग अपने बच्चों और सामान को लेकर जल्दी-जल्दी नीचे उतरने लगे. इस भगदड़ में कई यात्री चोटिल हो गए, जबकि कुछ का सामान कोच में ही छूट गया. जानकारी मिलते ही रेलवे कर्मचारी, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया. रेलवे सूत्रों के अनुसार, शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी. इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन एक महिला के झुलसने और एक यात्री के मामूली रूप से घायल होने की खबर है. नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि बठिंडा स्टेशन से गुजरते समय आग दिखाई दी थी. तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्रेन को रोका गया और आग बुझाई गई. घायल यात्री को अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है. अधिकारियों ने कहा कि घटना की जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं.

## दिल्ली के बीडी मार्ग स्थित फ्लैट्स में लगी भीषण आग



**नई दिल्ली.**

दिल्ली के अति संवेदनशील और महत्वपूर्ण क्षेत्र में एक बड़ा आग का हादसा होते-होते टल गया। संसद भवन से मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित डॉ. बिशंबर दास मार्ग पर बने ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट्स में शनिवार दोपहर भीषण आग लग गई। इस अपार्टमेंट्स में लोकसभा और राज्यसभा के कई सांसद निवास करते हैं। दोपहर लगभग 1 बजकर 20 मिनट पर दमकल विभाग को आग लगने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही दमकल विभाग ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर छह दमकल गाड़ियां भेजीं और आग बुझाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपार्टमेंट्स में रहने वाले लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। घटनास्थल पर एकत्रित स्थानीय लोगों और अधिकारियों ने चिंता जताई है, क्योंकि यह क्षेत्र काफी संवेदनशील माना जाता है।

हालांकि, स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड के देरी से पहुंचने का आरोप लगाया है, उनका कहना है कि अगर टीम समय पर पहुंचती तो नुकसान कम होता। दमकल कर्मी अभी भी आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटे हुए हैं। पुलिस लोगों को बाहर निकलने का आग्रह करती दिखी और ग्राउंड फ्लोर के बाहर काफी संख्या में लोग जमा थे।

### लद्दाख प्रशासन ने उठाया बड़ा कदम

## करगिल और लेह में इंटरनेट शटडाउन





**लद्दाख.**

शांत वादियां आज फिर से सन्नाटे में डूबी हैं, लेकिन यह सन्नाटा सिर्फ दुख का नहीं, बल्कि एक सशक्त संदेश का प्रतीक है। शनिवार को पूरा लद्दाख दो घंटे के मौन प्रदर्शन (साइलेंट प्रोटेस्ट) और तीन घंटे के ब्लैकआउट है। इसी के साथ इंटरनेट सेवाएं भी पूरी तरह से बंद कर दी गई है। अब आप यही सोच रहे होंगे कि आखिर ये सब क्यों? तो आपको बता दें कि यह साइलेंट प्रोटेस्ट 24 सितंबर को हुए विरोध प्रदर्शनों में मारे गए चार लोगों और घायल नागरिकों के प्रति एकजुटता की प्रतीक में है। यह प्रदर्शन भले ही शांतिपूर्ण हो, लेकिन इसके पीछे की आवाज बेहद गूंजदार है और वह है न्याय, सुरक्षा और पहचान की मांग।

लेह प्रशासन ने प्रदर्शन से पहले हालात को नियंत्रित रखने के लिए धारा 163 लागू कर दी है, जिसके तहत चार या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। साथ ही, लेह और कारगिल में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। मुख्य सचिव पवन कोटवाल ने कहा कि लद्दाख धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा है और किसी भी कीमत पर शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

उन्होंने साफ कहा, "किसी को भी कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।" गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी.एस. चौहान की अध्यक्षता में न्यायिक जांच की घोषणा की है। हालांकि, लद्दाख के प्रतिनिधियों ने इसे "स्वागत योग्य, लेकिन अधूरा कदम" बताया। एपेक्स बॉडी ऑफ लद्दाख के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने कहा, "सरकार ने सही दिशा में कदम बढ़ाया है, लेकिन हमारी तय कार्यक्रम के अनुसार विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।"

वहीं केडीए नेता सज्जाद कारगिली ने कहा कि केवल जांच से न्याय पूरा नहीं होता। उन्होंने मांग की कि सभी हिरासत में लिए गए लोगों को, जिनमें सोनम वांगचुक भी शामिल हैं, उन्हें रिहा किया जाए। पीड़ित परिवारों को मुआवजा और चिकित्सा सहायता मिले और लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के तहत सुरक्षा प्रदान की जाए।

## मलाड में कई गोदामों में लगी भीषण आग

**मुंबई.** मलाड (पूर्व) स्थित पठानवाडी, संजय नगर, पिंप्रीपाड़ा इलाके में शनिवार को दोपहर आग लगने की घटना सामने आई. यह घटना दोपहर 12:54 बजे बीएमसी की अग्निशमन विभाग को रिपोर्ट की गई. मिली जानकारी के अनुसार, आग लगभग 15 से 20 गालों (गोदामों) तक सीमित रही. घटना की सूचना मिलते ही बीएमसी का अग्निशमन विभाग, पुलिस, बीएमसी के वार्ड अधिकारी, 108 एम्बुलेंस और अदाणी इलेक्ट्रिसिटी की टीमें मौके पर पहुंचीं. आग की इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नही है. अग्निशमन विभाग ने दोपहर 1:03 बजे आग को लेवल-2 घोषित किया. हालांकि, राहत की बात यह है कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है.

## इंदौर में तिमंजिला मकान में लगी आग

### 11 साल के लड़के की मौत, 5 घायल

**इंदौर.** तिमंजिला घर में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने के बाद धुएं के कारण दम घुटने से 11 वर्षीय लड़के की मौत हो गई, जबकि उसके परिवार के पांच सदस्य बुरी तरह बीमार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जूनी इंदौर पुलिस थाने के प्रभारी अनिल गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कबाड़ का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति के तीन मंजिला घर में देर रात करीब दो बजकर 15 मिनट पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। उन्होंने बताया कि घर के आगे के हिस्से में कबाड़ रखा जाता है, जबकि पिछले हिस्से में लोग रहते हैं। गुप्ता ने बताया कि कबाड़ में फोम और स्पंज शामिल होने के कारण लपटों ने तेजी से पूरे घर को अपनी जद में ले लिया।

थाना प्रभारी ने बताया, '' इस बेहद संकरे घर में आने-जाने के लिए एक ही दरवाजा है और धुआं निकलने का रास्ता नहीं है। घर की पहली मंजिल पर रहने वाले एक परिवार के छह लोगों की तबीयत दम घुटने से बिगड़ी। उनमें झुलसने का कोई निशान नहीं है।'' उन्होंने बताया कि पुलिस और दमकल कर्मियों ने सभी छह लोगों को घर से बाहर निकालकर एक नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां रहमान (11) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गुप्ता ने बताया कि अग्निकांड में दम घुटने से बीमार पांच लोगों का इलाज जारी है जिनमें पति-पत्नी, उनकी दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं।

## चुनाव से पहले वीआईपी को झटका

### राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बद्री पूर्वे ने पार्टी से दिया इस्तीफा



**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर जारी गहमागहमी के बीच विकासशील इंसान पार्टी को वोटिंग से पहले बड़ा झटका लगा है। वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बद्री पूर्वे ने पार्टी की प्राथमिक सदस्य्ता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मुकेश सहनी उन्हें टिकट देने की बात कहते रहे। उन्होंने कहा कि सहनी ने टिकट देने के लिए दरभंगा बुलाया लेकिन उन्होंने उमेश सहनी को शहरी विधानसभा से टिकट दे दिया। उन्होंने वीआईपी चीफ मुकेश सहनी पर पैसा लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया है। उन्होने कहा मुकेश सहनी सभी को फंसाकर रखा करते है। बद्री पूर्वे ने कहा कि इस बात को राजद नेता तेजस्वी यादव समझ गए थे, जिस कारण इस मुकेश सहनी को तेजस्वी यादव ने अंत तक फंसाये रखा और 60 की जगह 15 टिकट थमा दिया है। उनका दवा है कि जो उम्मीदवार वीआईपी की टिकट पर जीतेंगे, वह एनडीए का समर्थन कर देंगे।

# एनडीए को बड़ा झटका

### चिराग पासवान की पार्टी उम्मीदवार सीमा सिंह का नामांकन रद्द





**पटना.**

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले ही एनडीए गठबंधन को बड़ा झटका लगा है. कारण, छपरा जिले की मढ़ौरा विधानसभा सीट से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रत्याशी सीमा सिंह का नामांकन रद्द कर दिया गया है. सीमा सिंह भोजपुरी फिल्म जगत की जानी-मानी अभिनेत्री हैं और हाल ही में चिराग पासवान की पार्टी से जुड़कर राजनीति में कदम रखा था. सीमा सिंह के नामांकन पत्र की जांच के दौरान कुछ तकनीकी खामियां पाई गईं, जिसके चलते निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन अमान्य घोषित कर दिया. सीमा सिंह का नामांकन रद्द होने के बाद मढ़ौरा सीट पर एनडीए की स्थिति कमजोर मानी जा रही है. यह सीट पहले चरण में मतदान के लिए निर्धारित है, जिसके लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है. बता दें कि मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र में एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला होने की संभावना थी, लेकिन अब इस सीट पर सीमा सिंह का पर्चा खारिज होने के चलते एनडीए को झटका लगा है. यहां अब सीधा मुकाबला आरजेडी और जनसुराज पार्टी के बीच देखने को मिलेगा. मढ़ौरा के आरजेडी प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राय हैं, जो निवर्तमान विधायक हैं और बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके है. लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रत्याशी और प्रसिद्ध भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री सीमा सिंह राजनीति में अपनी किस्मत आजमाने के लिए चुनावी मैदान में उतरी थीं. चिराग पासवान ने उन्हें टिकट देकर इस सीट पर मुकाबला रोचक बना दिया था लेकिन अब वह चुनाव की रेस से ही बाहर हो गई हैं. नामांकन के दौरान सीमा सिंह ने अपने शैक्षणिक योग्यता और संपत्ति का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया था, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है. चुनावी शपथपत्र के मुताबिक, सीमा सिंह नौवीं कक्षा पास हैं. उन्होंने वर्ष 1999 में ठाणे (महाराष्ट्र) स्थित द रेम हेगर हिंडे हाई स्कूल, डोंबिवली (पूर्व) से 9वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी. गौरतलब है कि बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 6 और 11 नवंबर को होंगे, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी. एनडीए गठबंधन ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है. जेडीयू और बीजेपी ने 101-101 सीटों पर, एलजेपी (रामविलास) ने 29, जीतनराम मांझी की हम पार्टी और उपेंद्र कुशवाहा की आरएलकेजे ने 6-6 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं.

# शरवरी के साथ पहली बार दिखेंगे आयुष्मान

'ड्रीमगर्ल' और 'विक्की डोनर' जैसी कमाल की फिल्मों से फैंस के दिलों पर राज करने वाले आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी आने वाली थामा को लेकर चर्चा में हैं. आयुष्मान खुराना इस फिल्म में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं. आयुष्मान और रश्मिका के साथ इस फिल्म में एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आने वाले हैं. ये फिल्म 21 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है.





'थामा' की चर्चा के बीच आयुष्मान की नई फिल्म के बारे में भी अपडेट आ गया. इस फिल्म में वो एक्ट्रेस शरवरी वाघ के साथ नजर आने वाले हैं. फिल्म को 'विवाह' और 'हम साथ-साथ हैं' के डायरेक्टर सूरज बड़जात्या डायरेक्ट करने वाले हैं.सूरज ने इससे पहले अमिताभ बच्चन और अनुपम खेर स्टारर फिल्म 'ऊंचाई' डायरेक्ट किया था. ये फिल्म एक रोमांटिक फैमिली एंटरटेनर होने वाली है. फिल्म में पहली बार बड़े पर्दे पर आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ नजर आने वाली हैं. दोनों ने आज तक वैसे तो साथ में काम नहीं किया, लेकिन दोनों ही मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा हैं. जहां शरवरी वाघ मुंज्या में बेला के किरदार में नजर आईं थीं,

वहीं आयुष्मान अब थामा में आलोक का किरदार निभाते नजर आएंगे. दोनों को साथ में देखना फैंस को काफी पसंद आने वाला है. खबरों के मुताबिक, फिल्म को राजश्री प्रोडक्शंस के साथ-साथ महावीर जैन फिल्म और अनीता गुरनानी भी प्रोड्यूस करेंगे. फिल्म का शूट आने वाले 1 नवंबर 2025 को होगा.

# सेट से लीक हुआ आलिया का लुक



आलिया भट्ट ने आखिरकार अपनी अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू कर दी है और संजय लीला भंसाली निर्देशित इस फिल्म से उनकी पहली तस्वीरें भी ऑनलाइन लीक हो गई हैं. सोशल मीडिया पर आलिया की तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं. आलिया का लुक देख फैन्स काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. इस फिल्म में आलिया के साथ रणबीर कपूर और विकी कौशल भी लीड रोल में नजर आने वाले हैं. जूम द्वारा शेयर की गईं तस्वीरों में आलिया भट्ट अपनी 70 के दशक की एक्ट्रेसेस की तरह दिख रही हैं. उन्होंने साड़ी पहनी है, बालों का बड़ा सा जूड़ा बनाया है और नोजपिन भी पहनी है. आलिया के इस लुक को और भी काबिले तारीफ बना दिया है उनके हैवी आई मेकअप ने.


आलिया ने आगे कहा था कि मैं सोचती हूं, 'वाह, कैसा होगा?' विकी कौशल के साथ फिर से काम करने के बारे में बात करते हुए आलिया ने आगे कहा, "विकी और मैं फिर से साथ आ रहे हैं, रणबीर और विकी ने संजू में जादू बिखेरा था. तो, यह कई संयोजन हैं." इस साल की शुरुआत में रणबीर कपूर ने भी मुंबई में एक मीट एंड ग्रीट इवेंट के दौरान इस प्रोजेक्ट के बारे में बात की थी, जब उन्होंने कहा था, "लव एंड वॉर हर एक्टर का सपना होता है. आलिया और विकी जैसे शानदार अभिनेताओं के साथ काम करना और उस्ताद – संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित होना. मैंने उनके साथ 17 साल पहले काम किया था. उनके साथ दोबारा काम करने पर, मैं यह बात साफ तौर पर कह सकता हूं कि मैं अब तक ऐसे किसी इंसान से नहीं मिला जो इतनी मेहनत करता हो, जो किरदारों, भावनाओं, संगीत, भारतीय संस्कृति, भारतीय मूल्य प्रणाली को संजय लीला भंसाली जितना समझता हो.

# फरार अटकलों पर विराम जुबीन गर्ग केस में नया मोड़




ज़ुबीन गर्ग का 19 सितंबर को निधन हो गया और इसके बाद लगातार शक हो रहा था कि इसमें कोई साजिश तो नहीं। हालांकि उनके निधन की गुत्थी अब सुलझ गई है और एक बयान सिंगापुर पुलिस ने जारी करते हुए मौत का सही कारण बताया है। फैंस इस सदमे से अभी बाहर नहीं निकल पाए हैं और उनको लगता है जैसे ही वो एक बुरा सपना देख रहे हैं। लेकिन हकीकत ये है कि ज़ुबीन का अंतिम संस्कार हो चुका है। जांच की बातें करे तो सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने कहा है कि गड़बड़ी चला है। इसके बाद अंदाजा लगाया जा रहा है कि उनका निधन एक दुर्घटना ही है। हालिया जांच की मानें तो इस किस में एसपीएफ को किसी गड़बड़ी होने का शक नहीं हुआ है। अभी सिंगापुर पुलिस की पूरी जांच होने में करीब तीन महीने और लग सकते हैं और इसके बाद ही निष्कर्ष सिंगापुर में राज्य कोरोनर को सौंपे जाएगे। इसके बाद ये तय किया जाएगा कि कोरोनर जाच की जानी चाहिए या नहीं। एसपीएफ ने इसके अलावा कहा है कि उनकी तरफ से 1 अक्तूबर को ही पूरी रिपोर्ट भारतीय उच्चायोग को सौंप दी गई थी। सिंगापुर पुलिस ने कहा है कि, इस केस की काफी गहनता से जांच की गई थी। इसके अलावा पुलिस का कहना है कि जनता बिना पुष्टि के किसी भी बात को ना फैलाए। सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान उनकी मौत हो गई थी। या आली जैसे गाने गाकर पूरी दुनिया में छा जाने वाले ज़ुबीन गर्ग के फैंस काफी दुखी हुए थे। कुछ लोगों ने उनकी मौत को लेकर शक जाहिर किया था जिसके जांच हो रही थी। लेकिन अब सिंगापुर पुलिस के इस खुलासे के बाद काफी कुछ सामने आ गया है।

# बॉलीवुड के दिग्गज हॉलीवुड के फेवरेट बने ओम पुरी



चाहें कॉमेडी हो या फिर विलेन का रोल, ओम पुरी साहब ने अपने करियर में सभी किरदारों में कमाल का काम किया. नब्बे के दौर में ना सिर्फ बॉलीवुड बल्कि उन्होंने कई विदेशी फिल्मों में काम किया था. इनमें कुछ अमेरिकन तो कुछ ब्रिटिश प्रोडक्शन की फिल्में थीं.इन फिल्मों में ओम पुरी ने पश्चिम के कई दिग्गज अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया, जिन्हें आज भी क्लासिक माना जाता है. ओम पुरी उन चुनिंदा कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने लगभग हर सिनेमा में अपनी पहचान बनाई.आज उनके बर्थ एनिवर्सरी पर हम आपके लिए लाए हैं, ओम पुरी की उन्हीं हॉलीवुड फिल्मों की लिस्ट, जिनमें ओम पुरी ने अपनी जादुई कलाकारी से जान फूंक दी.गांधी: विदेशी प्रोडक्शंस में ओम पुरी के करियर की शुरुआत साल 1982 में आई 'गांधी' फिल्म से हुई थी. रिचर्ड एटनबरो के निर्देशन में बनी फिल्म में महात्मा गांधी का रोल बेन किंग्सले ने निभाया था. ओम पुरी ने फिल्म में एक दंगाई नहारी का रोल निभाया था.1992 में आयी अंग्रेजी फिल्म में एक्टर ने एक किसान हजारी पाल का किरदार अदा किया. शबाना आजमी उनकी पत्नी के रोल में थीं. इस फिल्म का निर्देशन रोनाल्ड जोफ ने किया था.साल 1994 में आयी इस फिल्म में ओम पुरी ने राउल जूलिया के साथ स्क्रीन शेयर किया था.

# फराह खान के कुक की बढ़ गई सैलरी



फेमस फिल्ममेकर फराह खान अपनी फिल्मों के साथ अपने यूट्यूब चैनल को भी लेकर काफी चर्चा में हैं. उन्होंने अपने किचन में काम करने वाले दिलीप के साथ वीडियो के जरिए लोगों के दिलों में जगह बनाई है. हाल ही में दिलीप ने अपनी खुशखबरी अपने दर्शकों के साथ शेयर की है. उन्हें फराह के साथ उनके व्लॉग ने उन्हें लोगों के बीच पहचान दिलाई है. दिलीप ने अपने हालिया वीडियो में बताया कि उनकी सैलरी हाल ही में बढ़ा दी गई है, लेकिन उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि फराह को ये मत बताना.

हालिया व्लॉग में फराह खान और दिलीप एक्टर राघव जुयाल के घर पहुंचे. उन्होंने उनके साथ लंच किया, वहीं दिलीप ने शुरुआत में ही अपनी खुशखबरी साझा की. उन्होंने कहा, हमारा शो बहुत अच्छा चल रहा है. मैम ने हमारा पगार भी बढ़ा दिया है, हम बहुत खुश हैं, आप लोग मैम को मत बताइए, क्योंकि मैं बहुत खुश हूं, अगर मैं और रुऊंगा तो पगार और बढ़ जाएगा. दिलीप की वीडियो की ये क्लिप लोगों के बीच वायरल हो रही है.हालांकि, इसके बाद फराह और दिलीप की बॉन्डिंग देखने को मिली, जब फराह किचन से वापस बाहर आईं, तो दिलीप उदास चेहरा बनाकर खड़े हो गए. इसके बाद फराह ने उनसे पूछा कि दिलिप, तुम्हें क्या हुआ, क्यों रो रहे हो. इस पर दिलीप ने हंसते हुए कहा, मैम पगार बढ़ा दीजिए, फराह ने तुरंत रिएक्ट करते हुए जवाब दिया, अरे, मैंने तो अभी ही बढ़ा दिया, छोड़ो, यह आदमी कभी खुश नहीं रहता.

फराह खान के यूट्यूब चैनल की बात करें, तो अभी तक उस पर 25 लाख सब्सक्राइबर हो चुका है. यही नहीं उनके और दिलीप के व्लॉग को पिछले 20 घंटों में 15 लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है. हालांकि, राघव ने भी व्लॉग में दिलीप की तारीफ करते हुए स्टार कहा है. दिलीप की मासूमियत और फराह के साथ उनका मजाकिया रिश्ता दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है. फराह के साथ उन्होंने कई बड़े बॉलीवुड स्टार्स के घर में दस्तक दी है.

## शाहरुख ने सिखाई बीयर खोलने की अनोखी ट्रिक

शाहरुख खान की फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे के बारे में भला कौन नहीं जानता है। आज भी इस फिल्म का क्रेज है और लोग काफी पसंद करते हैं। इस फिल्म में एक ऐसा स्टार भी था जिसको लेकर शाहरुख खान ने एक राज खोला है कि उन्होने एक एक्टर को अपने दातों से बियर की बोतल खोलने का टैलेंट सिखाया था। उनके इस बयान के बाद लोग हैरान हैं।

फिल्म में काजोल, अमरीश पुरी, फरीदा जलाल, करण जौहर, अनुपम खेर और मंदिरा बेदी सितारे नजर आए थे लेकिन हम बात कर रहे हैं फिल्म के विलेन परमीत सेठी के बारे में।

शाहरुख खान ने मशहूर अभिनेता और अर्चना पूरन सिंह के पति को लेकर खुलासा किया है। उनका कहना है कि परमीत सेठी के पास एक यूनीक टैलेंट है और ये उन्होने ही सिखाया था। शाहरुख खान और परमीत उसी वक्त से काफी अच्छे दोस्त हैं। हालांकि इस वक्त परमीत फिल्में नहीं कर रहे हैं लेकिन देखने वाली बात होगी कि वो कब वापसी करते हैं। परमीत सेठी की पत्नी अर्चना पूरन सिंह कपिल शर्मा शो की जज हैं और अपने हंसने की स्टाइल को लेकर जानी जाती हैं।

# करीना की लाइफ बदलने वाली फिल्म



बॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार करीना कपूर खान अपने 25 साल के करियर में कई शानदार फिल्मों से दर्शकों के दिलों में जगह बना चुकी हैं. उन्होंने कपूर परिवार की विरासत को बहुत अच्छे से आगे बढ़ाया और अपनी बड़ी बहन एवं एक्ट्रेस करिश्मा कपूर की तरह ही नाम कमाने में कामयाब हुईं. 45 की उम्र में भी करीना फिल्मों में लीड रोल में नजर आ रही हैं. उन्होंने अपनी बेहतरीन एक्टिंग के दम पर कई अवॉर्ड भी अपने नाम किए हैं. लेकिन, क्या आप ये जानते हैं कि उन्हें किस फिल्म के लिए पहला बेस्ट एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था?

करीना कपूर खान ने अपने बॉलीवुड करियर का आगाज साल 2000 में फिल्म 'रिफ्यूजी' से किया था. इसमें उनके साथ लीड रोल में अभिषेक बच्चन नजर आए थे. ये अभिषेक की भी डेब्यू फिल्म थी. फिल्म तो फ्लॉप रही थी, लेकिन करीना को फिल्मफेयर का बेस्ट फीमेल डेब्यू अवॉर्ड दिया गया था.करीना कपूर सबसे पहले सुर्खियों में फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के जरिए आई थीं. इसके बाद फिल्म 'चमेली' में उनके वेश्या के किरदार को भी पसंद किया गया था. हालांकि करीना इंडस्ट्री में अच्छा खासा वक्त गुजारने के बाद भी बड़ी पहचान के लिए संघर्ष कर रही थीं और उनके करियर के लिए तब फिल्म 'जब वी मेट' टर्निंग पॉइंट साबित हुई थी.

## बॉबी-रणवीर-श्रीलीला की जोड़ी ने बढ़ाया ऐड का ग्लैमर




हाल ही में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'थामा' का बजट सामने आया, जिसको देखकर लोग हैरान थे. जानकारी के मुताबिक, फिल्म 145 करोड़ रुपए के बजट में बन रही है, लेकिन अब नए ऐड का बजट सामने आया है जो कि इससे भी ज्यादा है.कहा जा रहा है कि ये विज्ञापन भारत में अब तक के सबसे महंगे विज्ञापनों में से एक हो सकता है, क्योंकि इसका पैमाना एक बड़ी फिल्म जैसा कहा जा रहा है. कमाल की बात है इस जवान के डायरेक्टर एटली डायरेक्ट करने वाले हैं.वहीं ऐड में शामिल एक्टर्स के नाम की बात करें, तो रणवीर सिंह, बॉबी देओल और श्रीलीला इसका हिस्सा होंगे. अब बजट का खुलासा किया जाए, तो ये ऐड 150 करोड़ रुपए के बजट में बनने जा रहा है., इसमें बड़े सेट्स, कमाल का वीएफएक्स और कई शूटिंग लोकेशनों का इस्तेमाल होगा. इस ब्रांड एक्टिविटी के पीछे वाली कंपनी का नाम चींग्स देसी चाइनीस बताया गया है.कहा जा रहा है कि कुल मिलाकर यह प्रोजेक्ट एक नए स्तर की ब्रांड विज्ञापन कोशिश दिखाता है, जहां किसी विज्ञापन केवल प्रमोशन के तौर पर नहीं, बल्कि एक बड़े फिल्म जैसा अनुभव सामने लाया जाएगा.हालांकि ऑफिशियल कंफर्मेशन नहीं हुई है, लेकिन 150 करोड़ रुपए की बजट की खबर ने पहले ही सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है. वहीं रणवीर के अलावा बॉबी देओल की हालिया पॉपुलैरिटी और श्रीलीला की ऑनस्क्रीन एनर्जी इसे और चर्चित चुकी है.

## गोला की मासूम बात पर भावुक हुईं भारती सिंह



कॉमेडियन और होस्ट भारती सिंह, जिन्होंने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा की है, उन्होंने अपने बेटे लक्ष्य सिंह लिम्बाचिया के साथ एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया है. बेटे लक्ष्य को भारती प्यार से गोला बुलाती हैं. अपने नए यूट्यूब व्लॉग में भारती की आंखों में आंसू आ गए जब उनके दो साल के बेटे ने अपने होने वाले भाई-बहन की देखभाल करने का प्यार भरा वादा किया.वीडियो में भारती अपने बेटे से पूछती हैं, छोटे बेबी को प्यार करोगे ना? गोल्ला ने मासूम मगर आत्मविश्वास से भरे लहजे में जवाब दिया, हां. मैं करूंगा वो मेरा बेटा है! इस मासूम बातचीत से भारती की आंखों में आंसू आ गए. जब उन्होंने उसे गले लगाया और आगे पूछा, मम्मा जब शूट पर जाएगी तब बेबी का ध्यान रखोगे ना? गोल्ला ने उन्हें फिर से आश्वस्त किया, "हां मैं रहूंगा.

इस प्यारे से पल ने ऑनलाइन फैन्स के दिलों को पिघला दिया क्योंकि भारती अपने बेटे को

# रविवारीय

**सुविचार**

**इंसान खुद की गलती पर अच्छा वकील बनता है, दूसरों की गलती पर सीधे जज बन जाता है.**

**टिप्स**

## दीयों की चमक, दिलों का मेल

### > ऐसी हो इस बार की दिवाली



❑ दिवाली जिसे अच्छाई पर बुराई की जीत रूप में मनाया जाता है, आज पूरे भारत में बड़े धूम-धाम से मनाई जाती. हर तरफ आपको लाइट्स, रंगोली और दीए की चमक देखने मिलेगी. दिवाली का रौनक हर जगह देखने को मिलती है. दिवाली मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है. भगवान श्रीराम जब 14 साल बाद वनवास काटकर अयोध्या लौटे थे, तो उनके भक्तों ने दीप जलाकर उनका स्वागत कर खुशी मनाई थी. तभी से इस पर्व को मनाने की परंपरा शुरू हुई. तब से लेकर आज कल दिवाली को बड़े हर्षो-उल्लास के साथ मनाया जाता है.

मुगल काल और उससे भी पहले के समय से लोग दिवाली का जश्न अलग-अलग तरीके से मना रहे हैं. इस खास दिन पर एक दूसरे को शुभकामनाएं देने का भी रिवाज है. आज कल लोग शुभ दिपावली, या हैप्पी दिवाली कहकर एक दूसरे को विश करते हैं. लेकिन पुराने जमाने में दिवाली पर शायर अपनी शायरियों से अपने खास लोगों को दिवाली की शुभकामना देते थे. देखूं तेरे हाथों को तो लगता है तेरे हाथ, मंदिर में फ़क़त दीप जलाने के लिए हैं रौशनी आधी इधर आधी उधर, इक दिया रखता है दीवारों के बीच (उबैदुल्लाह अलीम) राहों में जान घर में चराग़ों से शान हैदीपावली से आज ज़मीन आसमान है (ओबैद आज़म आज़मी) बीस बरस से इक तारे पर मन की जोत जगाता हू, दीवाली की रात को तू भी कोई दिया जलाया कर (अतीक़ुल्लाह) जो सुनते हैं कि तिरे शहर में दसहरा है, हम अपने घर में दिवाली सजाने लगते हैं (जमुना प्रसाद राही) था इंतिज़ार मनाएँगे मिल के दीवाली, न तुम ही लौट के आए न वक़्त-ए-शाम हुआ (आनिस मुईन) होने दो चराग़ां महलों में क्या हम को अगर दीवाली है, मज़दूर हैं हम मज़दूर हैं हम मज़दूर की दुनिया काली है. है दसहरे में भी यूं गर फ़रहत-ओ-ज़ीनत 'नज़ीर', पर दिवाली भी अजब पाकीज़ा-तर त्योहार है. बीस बरस से इक तारे पर मन की जोत जगाता हूं, दीवाली की रात को तू भी कोई दिया जलाया कर.

**वास्तुशास्त्र**

## दिवाली पर तुलसी का पौधा सुख-शांति का प्रतीक



❑ हर साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि के दिन दिवाली मनाई जाती है. दिवाली खुशियों, रोशनी और समृद्धि का त्यौहार है. इस साल दिवाली 20 अक्टूबर को है. दिवाली के दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश का पूजन किया जाता है. इस दिन पूजन करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा से घर में धन वैभव बढ़ता है. तुलसी को हिंदू धर्म शास्त्रों में सबसे पवित्र पौधा माना गया है. शास्त्रों के अनुसार, जिस घर में तुलसी का पौधा लगा होता है और उसकी पूजा की जाती है, वहां माता लक्ष्मी वास करती हैं. दिवाली के दिन तुलसी के दिन तुलसी का पौधा लगाना और उसकी पूजा करना बहुत शुभ माना जाता है. तुलसी को पूर्व या उत्तर दिशा में लगाना चाहिए. इससे घर में आर्थिक स्थिरता और समृद्धि बनी रहती है. क्रसुला का पौधा मनी मैगनेट कहा जाता है. मान्यता है कि ये पौधा जिस घर में होता है, वहां माता लक्ष्मी का प्रवेश होता है और कभी पैसों की कमी नहीं रहती है. यह पौधा आसानी से बढ़ता है और इसकी ज्यादा देखभाल भी नहीं करनी पड़ती. इसके मोटे हरे पत्ते समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं. इस पौधे को लगाने से एक नहीं अनेक लाभ हैं. दिवाली के दिन बहुत से घरों में पौधा लगाया जाता है. इस पौधे में औषधीय गुण होते हैं. इसके चलते ये बहुत लाभकारी है. इससे मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है.मनी प्लांट को घर में लगाना सौभाग्य और धन प्राप्ति का संकेत कहा गया है. वास्तु शास्त्र के अनुसार, इस पौधे को लगाने से घर में धन का प्रवाह बना रहता है. इससे नकारात्मक उर्जा भी दूर रहती है. दिवाली के दिन मनी प्लांट लगाने से घर में आर्थिक वृद्धि होती है, बिजनेस और नौकरी में सफलता मिलती है. मनी प्लांट को दक्षिण-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए.

**सुमैरा रहमान**
दिल्ली स्थित स्वतंत्र लेखिका और शैक्षिक कार्यकर्ता

## वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला:

### संवैधानिकता, पारदर्शिता और न्याय की मजबूती




❑ 15 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जो इस कानून की संवैधानिक वैधता को मजबूत करता है। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की खंडपीठ ने पूरे अधिनियम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, हालांकि कुछ विशिष्ट प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगाई। यह फैसला वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही और सार्वजनिक हितों की रक्षा को प्राथमिकता देता है, जबकि मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों को बरकरार रखता है।

इस लेख में हम इस फैसले के आधार पर वक्फ संशोधन अधिनियम की आवश्यकता और इसके सकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करेंगे, जिसमें भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और अतिक्रमण के उदाहरण शामिल हैं। यह अधिनियम मुस्लिम समुदाय की संपत्तियों को सुरक्षित रखते हुए राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है। वक्फ संपत्तियां भारत में मुस्लिम समुदाय की एक महत्वपूर्ण धरोहर हैं, जो धार्मिक, शैक्षणिक और सामाजिक कल्याण के लिए समर्पित हैं।

देश में लगभग 9.4 लाख वक्फ संपत्तियां पंजीकृत हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों करोड़ रुपये है। हालांकि, पुराने वक्फ अधिनियम 1995 में कमियां होने से इन संपत्तियों में भ्रष्टाचार और अतिक्रमण की घटनाएं बढ़ी हैं। उदाहरण के लिए, तेलंगाना में 'वक्फ बाय यूजर' की अवधारणा का दुरुपयोग कर 5,000 से अधिक सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण किया गया। इसी तरह, कर्नाटक में वक्फ बोर्ड घोटाले में लाखों एकड़ भूमि का गबन हुआ, जहां अधिकारियों ने अवैध हस्तांतरण किए। ये मामले दर्शाते हैं कि बिना सुधार के, वक्फ संपत्तियां समुदाय के बजाय कुछ व्यक्तियों के लाभ का माध्यम बन रही हैं।

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 इन कमियों को दूर करने के लिए लाया गया, और सुप्रीम कोर्ट का फैसला इसकी जरूरत को प्रमाणित करता है। सुप्रीम कोर्ट ने संसद द्वारा पारित कानूनों की संवैधानिकता की मजबूत धारणा को दोहराया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को यह साबित करना होता है कि अधिनियम संवैधानिक प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन करता है, जो वे नहीं कर सके। यह फैसला अधिनियम की वैधता को मजबूत करता है, क्योंकि विधायिका को जनता की जरूरतों का बेहतर ज्ञान होता है।

अदालत ने ऐतिहासिक संदर्भ और सामान्य ज्ञान को ध्यान में रखते हुए कहा कि कानून की संवैधानिकता पर संदेह तभी उठाया जा सकता है जब स्पष्ट प्रमाण हों। यह दृष्टिकोण न केवल वक्फ अधिनियम को बल देता है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की रक्षा करता है। अदालत ने 'वक्फ बाय यूजर' की अवधारणा को अक्सर दुरुपयोग का माध्यम मानते हुए, इसकी समाप्ति को बरकरार रखा। यह प्रावधान सरकारी भूमि पर बिना उचित दस्तावेज के दावे करने की अनुमति देता था, जिससे सार्वजनिक संपत्तियों को खतरा था। उदाहरणस्वरूप, तेलंगाना में 5,000 से अधिक सरकारी संपत्तियां 'वक्फ बाय यूजर' के नाम पर कब्जा की गईं। अधिनियम में इसकी सीमा तय करने से सार्वजनिक संपत्तियां सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित होंगी। अदालत ने सेक्शन 3सी को बरकरार रखा, जो सरकारी संपत्तियों की जांच की अनुमति देता है, हालांकि कुछ उप-प्रावधानों पर रोक लगाई ताकि जांच के दौरान संपत्ति की स्थिति बनी रहे। यह बदलाव भ्रष्टाचार को रोकते हुए न्याय सुनिश्चित करता है। अधिनियम में सभी वक्फों का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित किया गया है, जो जवाबदेही, पारदर्शिता और दुरुपयोग की रोकथाम करता है। अदालत ने इस प्रावधान को बरकरार रखा, नोट करते हुए कि 1923 से विभिन्न समितियों ने गैर-पंजीकरण और दुरुपयोग को उजागर किया है।यह बदलाव वास्तविक वक्फ लाभार्थियों की रक्षा करता है, क्योंकि डिजिटल रिकॉर्ड और सार्वजनिक नोटिस से आम लोग आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। पहले की अनियमितताएं, जैसे उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड में अवैध बिक्री, अब कम होंगी।

अदालत ने केंद्रीय वक्फ काउंसिल और राज्य वक्फ बोर्डों में 2-4 गैर-मुस्लिम सदस्यों (ज्यादातर पदेन अधिकारी) की शामिली को बरकरार रखा। यह धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप नहीं करता, बल्कि वित्तीय, प्रशासनिक और धर्मनिरपेक्ष निगरानी को मजबूत करता है। यह विविधता, समावेशिता और बेहतर शासन को बढ़ावा देता है, बिना मुस्लिम धार्मिक अधिकारों को कमजोर किए।

अदालत ने कहा कि काउंसिल की भूमिका मुख्यतः सलाहकारी है, जो आर्थिक और वित्तीय गतिविधियों को नियंत्रित करती है। अधिनियम में अनुसूचित जनजाति भूमि और पुरातात्विक स्मारकों पर वक्फ दावों को रोकने के प्रावधानों को अदालत ने संवैधानिक दायित्व मानते हुए बरकरार रखा। यह जनजातीय अधिकारों और भारत की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करता है, साथ ही धार्मिक स्वतंत्रता को बनाए रखता है। उदाहरण के लिए, पुरातत्व सर्वेक्षण ऑफ इंडिया को समानांतर प्रबंधन की समस्याओं से राहत मिलेगी।

यह सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण को प्राथमिकता देता है। अदालत ने देखा कि वक्फ ट्रिब्यूनल को विवादों के निर्णय के लिए व्यापक शक्तियां हैं, और अपील हाई कोर्ट तक जा सकती है। इससे वक्फ 'उपचारहीन' नहीं रहते; बल्कि एक संरचित न्यायिक उपचार वैध हितों की रक्षा करता है। यह प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष है, जो पहले की अनियमितताओं को दूर करती है। फैसले में स्पष्ट किया गया कि अधिनियम केवल धर्मनिरपेक्ष प्रशासन (भूमि, संपत्ति, वित्त) को नियंत्रित करता है, न कि धार्मिक अनुष्ठानों को।

इसलिए, अनुच्छेद 25 और 26 (धार्मिक स्वतंत्रता) बरकरार रहते हैं। यह संवैधानिक सिद्धांत से मेल खाता है कि धार्मिक दान के धर्मनिरपेक्ष पहलुओं को नियंत्रित किया जा सकता है। यह फैसला वक्फ संशोधन अधिनियम को एक सकारात्मक दिशा देता है, जो भ्रष्टाचार को रोकते हुए समुदाय की उन्नति सुनिश्चित करता है। महिलाओं और बच्चों के उत्तराधिकार अधिकारों की रक्षा, डिजिटल प्रक्रियाएं और सरकारी निगरानी से वक्फ संपत्तियां अधिक उत्पादक बनेंगी। निष्कर्षतः, यह अधिनियम और सुप्रीम कोर्ट का फैसला राष्ट्रीय एकता और न्याय की दिशा में एक मील का पत्थर है, जो मुस्लिम समुदाय को सशक्त बनाएगा।

**रेसिपी**

## मूंग दाल का हलवा

❑ दीपावली की बात आती है तो मन में बहुत से सपने खिल उठते हैं। यह त्यौहार है ही बहुत रंग बिरंगा और खुशियों से भरा हुआ। दीपावली का त्यौहार वैसे तो सबके लिए खुशियों के साथ-साथ व्यवस्था से भी भरा होता है परंतु यह महिलाओं के लिए तो काफी ही व्यस्त रखने वाला त्यौहार होता है.इसके अलावा इस त्यौहार पर महिलाएं शाही पकवान बनाती हैं जैसे कई तरह की मिठाइयां, दही भल्ले, दही पापड़ी आदि। यदि आपके द्वारा बनाई गई मिठाइयों को आपके घर वालों, रिश्तेदारों या फिर दोस्तों से सराह जाए तो आप बहुत खुश होगी और ऐसा महसूस करेंगी कि जैसी आपकी सारी थकान ही मिट गई हो। तो आइए जानते हैं दीपावली के त्यौहार पर विशेष प्रकार की पारंपरिक मिठाईयां बनाने की विधिया। सामग्री,



मूंग दाल एक कप बारीक पिसी हुई. आधा कप चीनी. 1 कप दूध, घी, बादाम, किशमिश, केसर के धागे. विधि: सबसे पहले आप थोड़े से गुनगुने दूध में केसर के धागे डाल कर अच्छे से मिला ले। किशमिश को भी एक कटोरी गुनगुने पानी में भिगो दें। उसके बाद एक पैन लेकर उसमें घी डालकर गर्म करें और जब घी गर्म हो जाए तो गैस धीमा कर दें और फिर उसमें पिसी हुई मूंग दाल डाल कर धीरे-धीरे चलाते रहे ताकि वह चिपके नहीं। जब दाल सिकने की खुशबू आने लगे और दाल थोड़ा घी छोड़ने लगे तब पहले उसने केसर वाला दूध और फिर बाकी बचा हुआ दूध डाल दें और चम्मच से चलाते रहें। जब दूध सारा सुख जाए तब इसमें आप चीनी डालकर चम्मच से चलाएं और साथ के साथ किशमिश डाल दें। जब हलवा अच्छे से बन जाए तो आप गैस बंद कर दें। अंत में आप हलवे के ऊपर कटे हुए बदाम के टुकड़े डालकर सजाएं और गरमा गरम मूंग दाल के हलवे का आनंद उठाएं।

## फैब्रिक से लेकर फिट तक, आउटफिट चुनें सोच-समझकर

❑ धनतेरस से लेकर भाई दूज तक, पूरे 5 दिन जबरदस्त रौनक रहती है, क्योंकि एक के बाद एक फेस्टिवल होते हैं. इस दौरान हर कोई चाहता है कि फेस्टिव वाइब वाला लुक मिले. खासतौर पर महिलाएं हर मौके पर अपने स्टाइल को एकदम परफेक्ट रखना चाहती हैं.

त्यौहार सीजन में तैयार होना हो तो यह ध्यान रखना होता है कि आपके स्टाइल में फैशन के साथ ट्रेडिशन का एक अच्छा ब्लेंड रहे. इसके साथ ही लुक भी ऐसा हो जा स्टाइलिश दिखने के साथ ही आरामदायक भी हो ताकि आप अच्छे से एंजॉय कर पाएं, क्योंकि त्योहार के टाइम घर में काफी काम भी होता है. तो चलिए देख लेते हैं दिवाली फेस्टिव सीजन में तैयार होते वक्त आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए. फेस्टिवल पर रिच लुक पाने के लिए महिलाएं ये गलती करती हैं कि बहुत ज्यादा हैवी कपड़े पहन लेती हैं, लेकिन ऐसा करने से बचें. इससे आपको काफी परेशानी हो सकती है. अटायर ऐसा चुनें जिसे पहनकर आप आराम से घूम-फिर सकें. बहुत हैवी कपड़े आपको फ्लॉलेस लुक नहीं देते हैं बल्कि आपका स्टाइल वेडिंग परफेक्ट लगने लगता है.

कपड़ों के कलर पर भी ध्यान देना चाहिए. ऐसे कलर्स चुनें जो ब्राइट हो, लेकिन उनका रंग बहुत ज्यादा वाइब्रेंट चटख नहीं होना चाहिए, साथ ही दिन का फेस्टिवल है तो ध्यान रखें कि ग्लिटर अटायर बिल्कुल भी न चुनें. इससे आपका लुक फ्लॉलेस रहेगा. अपने लुक को परफेक्ट बनाने के लिए एसेसरीज कैरी करना जरूरी होता है, लेकिन त्यौहार के हिसाब से आपको बहुत हैवी ज्वेलरी नहीं पहननी चाहिए.

अगर आप हैवी ईयररिंग्स पहन रही हैं तो नेकपीस न पहनें. इसी तरह से हैवी नेकपीस है तो ईयररिंग्स न पहनें या फिर बहुत लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करें.फेस्टिवल लुक क्रिएट कर रही हैं तो गलती से भी हाई हील्स नहीं पहननी चाहिए. ऐसे फुटवियर चुनें जो आरामदायक हो. साड़ी के साथ स्नीकर्स काफी ट्रेंड में हैं, आप भी इसे भी ट्राई कर सकती हैं. इसके अलावा स्ट्रेपी स्लीपर्स सही रहती हैं, क्योंकि पैरों को ये एक बढ़िया फिटिंग देती हैं.

## दिवाली पर आज़माएं ये घरेलू नुस्खा, चेहरा होगा बेदाग

❑ आज के टाइम में भले ही बाजार ब्यूटी प्रोडक्ट्स से पटे हुए हो, लेकिन एक टाइम पर लोग सिर्फ घर में मौजूद नेचुरल चीजों से ही त्वचा की देखभाल करते थे. इससे त्वचा नेचुरल ग्लोइंग बनी रहती थी, इसलिए कई ऐसे ब्रांड हैं जो अब हर्बल प्रोडक्ट्स पर ज्यादा जोर देते हैं, क्योंकि प्रकृति ने हमें वो सब दिया है जो सेहत से लेकर बालों और त्वचा तक को हेल्दी रखने के लिए काफी है.

ब्यूटी एक्सपर्ट सुपर्णा त्रिखा भी प्रकृतिक चीजों से ही त्वचा की देखभाल करना बेहतर मानती हैं, इसलिए ही वह स्किन केयर के कई



नुस्खे शेयर करती रहती हैं. दिवाली पर अगर आपको ग्लोइंग स्किन चाहिए तो आप उनके बताए इस फेस पैक को लगा सकते हैं जो स्क्रब का काम भी करेगा.

ब्यूटी एक्सपर्ट सुपर्णा त्रिखा ने दिवाली के लिए ये ब्यूटी सीक्रेट शेयर किया है, जिसे वो इस्तेमाल करती हैं. फेस पैक बनाने के लिए आपको चाहिए होगी चिरौंजी (ये आपकी स्किन को नैरिश करती है), बादाम (ये भी त्वचा को नैरिश करता है साथ ही इसमें विटामिन ई है जो आपकी स्किन को हेल्दी बनाएगा), अलसी के बीजों का जेल (ये ओमेगा 3 से भरपूर होता है और आपकी त्वचा को हाइड्रेट करता है), थोड़ा सा नेचुरल शहद और फुल क्रीम मिल्क, इसके साथ चाहिए होगा थोड़ा सा केसर, जो स्किन पर मैजिकल असर दिखाता है.

सबसे पहले एक बाउल में थोड़ी सी चिरौंजी डालकर क्रश कर लें और दरदरा बना लें. इसके बाद इसमें बादाम का पाउडर एड करें (ये बिल्कुल फाइन होना चाहिए). अब अलसी का जेल, केसर, दूध और शहद मिलाएं. इस तरह से आपका फेस पैक तैयार हो जाएगा. अलसी का जेल बनाने के लिए इसके बीजों को थोड़े से पानी में भिगोकर रखने के बाद गाढ़ा होने तक उबालना होता है और फिर इसे मलमल के कपड़े से छान लें.

## इन शुरुआती लक्षणों से पहचानें किडनी की खराबी

❑ आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खराब खानपान स्ट्रेस और अनहेल्दी लाइफस्टाइल की वजह से कई बीमारियां लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं. इन्हीं बीमारियों में से एक बीमारी किडनी डिजीज भी है जो धीरे-धीरे शरीर को अंदर से कमजोर कर देती है. किडनी हमारे शरीर का अहम हिस्सा है, जो खून को साफ करने और शरीर से टॉक्सिन्स निकालने का काम करती है. जब यह अंग ठीक से काम नहीं करता तो शरीर में गंदगी और पानी जमा होने लगता है, जिससे कई तरह की दिक्कतें शुरू हो जाती हैं. किडनी की बीमारी का सबसे पहला लक्षण चेहरे पर सूजन आना होता है. जब किडनी शरीर से एक्स्ट्रा पानी बाहर नहीं निकाल पाती तो वह पानी चेहरे के उत्तकों में जमा होने लगता है. इसका असर सबसे पहले आंखों और गालों के आसपास दिखाई देता है. ऐसे में सुबह उठने पर चेहरा, आंखें और गर्दन फूली हुई लगे तो यह किडनी रोग का शुरुआती संकेत होता है. ऐसी कंडीशन में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए.

**आस्था**

## दिवाली पर तिजोरी की सफाई से बढ़ेगा धन-लाभ

❑ हर साल कार्तिक मास की अमावस्या तिथि के दिन दिवाली मनाई जाती है. इस साल दिवाली का त्यौहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा. दिवाली एक ऐसा त्यौहार है, जिसका इंतजार बच्चों से लेकर बुजुर्गों सभी को को रहता है. इस दिन घर-घर में दीपक जलाया जाता है. माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है. इस दिन दिन पूजा-पाठ से माता लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है. माता लक्ष्मी की कृपा से साल भर घर में धन-धान्य की कोई कमी नहीं रहती.




दिवाली के दिन पूजा पाठ के साथ-साथ कुछ विशेष उपायों के बारे में भी हिंदू धर्म शास्त्रों में बताया गया है. इन उपायों को करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं. इस दिन के लिए तिजोरी के कुछ खास उपाय बताए गए हैं, जिनको करने से काफी लाभ होता है. दिवाली के दिन साफ सुथरे कपड़े में गुलाब की पंखुड़ियां, सुपारी और एक दो सिक्के लपेटकर पोटली बना लें. फिर उस पोटली को माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा में रखें. पूजा खत्म होने के बाद उस पोटली को तिजोरी में रख दें. इससे घर में माता लक्ष्मी का आर्शीवाद बना रहता है, जिससे घर में सुख- समृद्धि आती है. दिवाली के दिन तिजोरी में चांदी का सिक्का, श्री यंत्र, कौड़ी या लक्ष्मी जी के चरण चिन्ह को तिजोरी में रखना चाहिए.

साथ ही लक्ष्मी जी का प्रिय शंख और हल्दी की गांठ को भी तिजोरी में रखना बहुत शुभ माना जाता है. इससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलती है. दिवाली के दिन तिजोरी की साफ सफाई और पूजा करनी चाहिए. वास्तु शास्त्र में बताया गया है कि तिजोरी घर के उत्तर दिशा में रखी जानी चाहिए, क्योंकि उत्तर दिशा भगवान कुबेर की दिशा मानी गई है. ऐसा करने से कुबेर महाराज की कृपा मिलती है. साथ ही धन आगमन के रास्ते खुलते हैं.


## हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

### > कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

❑ यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरू हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या






पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादक: इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# 'सचिव हैं शासन, बैंक और किसानों के बीच की मुख्य कड़ी' : विधायक बंटी भांगड़िया

> चंद्रपुर जिला सहकारी संस्था सचिव संगठन द्वारा भव्य सम्मान समारोह का आयोजन
> विशेष सम्मान: विधायक बंटी भांगड़िया, बैंक अध्यक्ष रवींद्र शिंदे और उपाध्यक्ष संजय डोंगरे

**चिमूर: शुभम बारसागडे**

चंद्रपुर जिला सहकारी संस्था सचिव संगठन ने चिमूर स्थित शेतकरी भवन में एक अत्यंत भव्य और गरिमापूर्ण सत्कार समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर, चिमूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बंटी भांगड़िया, चंद्रपुर जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक के अध्यक्ष रवींद्र शिंदे, और जिला बैंक के उपाध्यक्ष संजय डोंगरे को शॉल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**प्रमुख अतिथियों के विचार:** इस कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक बंटी भांगड़िया ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने उद्घाटन भाषण में, विधायक भांगड़िया ने सहकारिता आंदोलन में संस्था सचिवों की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, "संस्था सचिव ही सरकार, बैंक और किसानों के बीच की सबसे मजबूत और मुख्य कड़ी हैं। उनकी संगठनात्मक एकता ही इस क्षेत्र की प्रगति का आधार है।"

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बैंक अध्यक्ष रवींद्र शिंदे ने जिला बैंक के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित सचिवों को आश्वस्त करते हुए एक बड़ी घोषणा की:

"हम जिले के 134 संस्था सचिवों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं और उन्हें पूर्ण न्याय प्रदान करेंगे। मैं सभी सचिवों से आग्रह करता हूँ कि वे पूरी जिम्मेदारी से काम करते हुए संस्थाओं और बैंक को प्रगति के पथ पर ले जाएँ।"



जिला बैंक के उपाध्यक्ष संजय डोंगरे ने भी संगठन के इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समारोह सचिवों के कठिन परिश्रम का फल है और सरकार द्वारा उन्हें मिला यह प्रोत्साहन दीपावली के उपहार जैसा है।

इस समारोह में महाराष्ट्र राज्य सहकारी संस्था गटसचिव कर्मचारी संघटना के अध्यक्ष श्री भगीरथ माकडे, चंद्रपुर जिला सहकारी संस्था सचिव संगठन के अध्यक्ष हेमंत लोडे, उपाध्यक्ष मंगेश मस्के, सचिव प्रभाकर हनवते, प्रसिद्धी प्रमुख पंकज रणदिवे सहित जिला बैंक के संचालक आवेश पठाण, गणेशभाऊ तर्वेकर, बाजार समिति चिमूर के सभापति मंगेश धाडसे, संजय गजपूरे (नागभीड) और अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के भजन से शुरू हुए इस कार्यक्रम में द्वीप प्रज्वलन के बाद महापुरुषों और संतों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। बड़ी संख्या में सचिव बंधु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने नेताओं के विचारों को ध्यान से सुना। कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक आभार प्रदर्शन और भोजन के साथ किया गया।

# रबी सीजन की तैयारी में बड़ी पहल

## चिमूर में 'साथी पोर्टल फेज-2' प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**चिमूर.**



शुक्रवार को पंचायत समिति सभागृह, चिमूर में रबी (रब्बी) सीजन पूर्व तैयारियों पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम और साथी पोर्टल फेज-2 के उपयोग पर गहन कार्यशाला उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। यह कार्यक्रम कृषि निविष्ठा संचालकों को डिजिटल युग की नवीनतम तकनीकों से लैस करने की दिशा में एक बड़ा कदम था।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चिमूर तालुका एग्रो डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद राऊत ने की। तालुका कृषि अधिकारी, शिवकुमार पुजारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में गटविकास अधिकारी, पंचायत समिति चिमूर नितीन फुलझले, और जिला परिषद चंद्रपूर के मोहीम अधिकारी लोकेश कटरे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

डिजिटल सशक्तिकरण पर विशेष मार्गदर्शन

कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक, जिला परिषद कृषि विकास अधिकारी कार्यालय, चंद्रपूर के मोहीम अधिकारी लोकेश कटरे ने साथी पोर्टल फेज-2 के प्रभावी संचालन और उपयोगिता पर विस्तृत एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कृषि निविष्ठा संचालकों द्वारा उठाए गए सभी प्रश्नों का समाधान करते हुए उपयोगी जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में जिला गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारी, जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी कार्यालय, चंद्रपूर के श्रावण माधवराव बोढे की विशेष उपस्थिति से कार्यक्रम की महत्ता और बढ़ गई। इसके अतिरिक्त, गुण नियंत्रण अधिकारी, चिमूर के व्ही. के. शेंडे ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महाविस्तार एआई ऐप जैसी नवीनतम डिजिटल पहलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

चिमूर तालुका के 124 कृषि निविष्ठा संचालकों ने इस ज्ञानवर्धक प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की। कार्यक्रम का सफल प्रास्ताविक, कुशल सूत्रसंचालन और अंत में आभार प्रदर्शन कृषि अधिकारी, पंचायत समिति चिमूर के विवेक दुधे द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चिमूर तालुका के कृषि निविष्ठा संचालकों को आगामी रबी सीजन के लिए नए, डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत साधनों का उपयोग करने में प्रभावी ढंग से सक्षम बनाएगा।

# किसानों के लिए कृषि विभाग की दिवालीपूर्व सौगात

**गढ़चिरोली.**

गढ़चिरोली जिले के किसानों के लिए कृषि विभाग ने विभिन्न नवोन्मेषी और अनुदान आधारित योजनाओं की घोषणा की है। जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी श्रीमती प्रीति हिरळकर ने बताया कि ये योजनाएँ किसानों के लिए "दिवाली पूर्व कृषि समृद्धि की भेंट" साबित होंगी।

**मुख्य योजनाएँ और उपक्रम :** सौर कुंपण (सोलर फेंसिंग), सामुदायिक खेत तालाब, शिंगाड़ा (पानीफल) की खेती, चारोली-मोहफूल प्रसंस्करण परियोजना, मोती उत्पादन और मशरूम (आलंबी) की खेती जैसे उपक्रमों पर 90 से 95 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा।

**कृषि समृद्धि योजना 2025–26 :** इस योजना के तहत सतत कृषि, उत्पादन वृद्धि और पूंजी निवेश को प्रोत्साहन दिया जाएगा। सूक्ष्म सिंचाई, जैविक खेती, डिजिटल कृषि, प्रसंस्करण और निर्यात को प्राथमिकता दी गई है। महिला, अल्पभूमिधारक, अनुसूचित जाति–जनजाति और दिव्यांग किसानों को विशेष वरीयता मिलेगी। लाभार्थियों का चयन "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा।

**फलोत्पादन विकास अभियान :** एकीकृत फलोत्पादन विकास अभियान के तहत फल बाग पुनर्जीवन, मधुमक्खी पालन, शेडनेट/ग्रीनहाउस, प्लास्टिक मल्चिंग, पैक हाउस, कोल्ड स्टोरेज, ट्रैक्टर और पावर टिलर खरीद जैसी योजनाओं के लिए किसानों से आवेदन मांगे गए हैं।



कृषि विभाग ने सभी किसानों से अपील की है कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ और निर्धारित समय सीमा में आवेदन अवश्य करें।

# परियोजना प्रभावित किसानों के लिए न्याय हेतु विधायक सुधीर मुनगंटीवार का दृढ़ रुख

## विदर्भ मिनरल्स कंपनी ने विधायक मुनगंटीवार को परियोजना से प्रभावित 103 लोगों को तत्काल स्थायी नौकरी देने का निर्देश दिया

**चंद्रपुर.**

विदर्भ मिनरल्स एंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा स्थानीय किसानों की ज़मीन खरीदकर उद्योग स्थापित करके उन किसानों को रोज़गार से वंचित करना अनुचित और अस्वीकार्य बताते हुए, परियोजना से प्रभावित 103 मज़दूरों को तुरंत स्थायी रोज़गार देने के स्पष्ट निर्देश पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन राज्य मंत्री विधायक श्री सुधीर मुनगंटीवार ने दिए। ज़िला कलेक्टर कार्यालय के बीस-खंड हॉल में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में मुनगंटीवार ने कंपनी प्रशासन को उसकी ज़िम्मेदारी का एहसास दिलाया और परियोजना से प्रभावित मज़दूरों को न्याय दिलाने के लिए कड़ा रुख़ अपनाया।



बैठक में जिला कलेक्टर विनय गौड़ा, उप वन संरक्षक योगेश वाघाये, सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कावले, सरकारी श्रम अधिकारी खंडैत, कंपनी प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल के साथ-साथ परियोजना प्रभावित श्रमिक और किसान भी उपस्थित थे।

ए. मुनगंटीवार ने कहा, "कंपनी ने स्थानीय किसानों की ज़मीनें खरीदी हैं, इसलिए उन किसानों को रोज़गार देना कंपनी का नैतिक और क़ानूनी दायित्व है। कंपनी ने 103 किसानों को स्थायी नौकरी देने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। संबंधित मज़दूरों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इसलिए कंपनी प्रशासन को परियोजना प्रभावित 103 लोगों को तुरंत स्थायी नौकरी देनी चाहिए," ए. मुनगंटीवार ने निर्देश दिया।

इस अवसर पर ए. मुनगंटीवार ने जिला कलेक्टर को कोयला वाशरियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, परिवहन वाहनों की वीडियो रिकार्डिंग करने तथा कोयला चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सभी कंपनियों के प्रदूषण परमिट की जांच करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आगे कहा कि श्रम कानून की खामियों को दूर करना और परियोजना प्रभावित किसानों को न्याय दिलाना ज़रूरी है। स्थानीय लोगों को रोज़गार में पहली प्राथमिकता दी जानी चाहिए और ज़रूरत पड़ने पर कौशल विकास विभाग के ज़रिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। परियोजना प्रभावित किसानों की न्यायोचित मांगों के प्रति मेरा रुख हमेशा से दृढ़ रहा है। किसानों ने उद्योग लगाने के लिए अपनी ज़मीन दी है, इसलिए अपने परिवारों के लिए रोज़गार पाना उनका अधिकार है। यह मुद्दा सिर्फ़ रोज़गार का नहीं, बल्कि परियोजना प्रभावित लोगों को न्याय दिलाने का भी है।

अगर प्रशासन और कंपनी इस मामले में ज़िम्मेदारी से काम लें, तो न्याय ज़रूर मिल सकता है। परियोजना प्रभावित किसानों के न्याय के लिए मेरा रुख़ अटल है। मैं परियोजना प्रभावित लोगों के अधिकारों के साथ पूरी दृढ़ता से खड़ा हूँ, ऐसा एम. मुनगंटीवार ने कहा।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 'आदिवासी गौरव दिवस' बड़े उत्साह से मनाया जाएगा

## वर्षभर चलेंगे सामाजिक जागरूकता और विकास के कार्यक्रम, 'पंच परिवर्तन सूत्र' लागू किया जाएगा

**गढ़चिरोली.**

आगामी 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में "आदिवासी (जनजाति) गौरव दिवस" बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर से शुरू होकर आने वाले पूरा एक वर्ष विविध सामाजिक और जनजागरण कार्यक्रमों के रूप में मनाया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, नई दिल्ली के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. देवराव होळी ने बताया कि इस वर्ष परिषद की ओर से "पंच परिवर्तन सूत्र" लागू किया जाएगा, जिसके माध्यम से समाज में जागरूकता, एकता और आत्मविकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

डॉ. होळी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल एक क्रांतिकारी नेता ही नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उनकी जयंती को आदिवासी समाज अपने गौरव और अस्तित्व के प्रतीक के रूप में मनाता है। इस अवसर पर समाज के सर्वांगीण विकास हेतु पाँच प्रमुख सूत्रों को अपनाने का आह्वान किया गया है।



इन "पंच परिवर्तन सूत्रों" में शामिल हैं,

**परिवार प्रबोधन:** परिवार में शिक्षा, संस्कार और नैतिक मूल्यों का प्रसार।

**पर्यावरण संरक्षण:** प्रकृति की रक्षा और हरित अभियान को प्रोत्साहन।

**सामाजिक समरसता:** समाज में समानता और एकता की भावना को सशक्त करना।

नागरिक कर्तव्य पालन: राष्ट्र और समाज के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाह।

**स्व-जागृति:** आत्मविकास, आत्मनिर्भरता और शिक्षा के प्रति सजगता।

उन्होंने कहा कि इन पाँच सूत्रों के माध्यम से आदिवासी समाज को नई दिशा देने का प्रयत्न किया जाएगा, जिससे समाज का सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान संभव हो सके।

पत्रकार परिषद में जिला महासचिव उमेश उईके, जिला सचिव सुरज मडावी, उपाध्यक्ष वामन जुनघरे, महिला शाखा अध्यक्ष पुष्पलता कुमरे, सहित भूषण आलामे, लीना कोकोडे, निलेश आत्राम, अमित तलांडे, विद्या दुग्गा और श्याम सलामे उपस्थित रहे।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक होगा, बल्कि आदिवासी समाज के जागरण और विकास की नई दिशा तय करेगा।

# भाजपा ने अम्ब्रिशराव को समर्थन नहीं दिया होता, तो उन पर कार्रवाई होती

## राष्ट्रवादी कांग्रेस का आरोप

**गढ़चिरोली.**

अहेरी विधानसभा क्षेत्र राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के खाते में आने के बावजूद, भारतीय जनता पार्टी ने गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया, ऐसा आरोप राष्ट्रवादी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रविंद्र वासेकर ने लगाया है।

वासेकर ने पत्रकार परिषद में कहा कि, "अहेरी में पूर्व राज्यमंत्री अम्ब्रिशराव आत्राम ने पार्टी विरोधी बगावत करते हुए चुनाव लड़ा। अगर भाजपा ने वास्तव में धर्मरावबाबा आत्राम को मदद की होती, तो अम्ब्रिशराव पर अनुशासनहीनता के लिए निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई जरूर होती। लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया, जिससे साफ है कि उन्होंने अम्ब्रिशराव को परोक्ष समर्थन दिया।" गौरतलब है कि पूर्व मंत्री और विधायक धर्मरावबाबा आत्राम ने हाल ही में चामोर्शी की सभा में भाजपा पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने ही भतीजे अम्ब्रिशराव आत्राम को उनके खिलाफ चुनाव में मदद की। इस पर भाजपा नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्होंने महायुती के उम्मीदवार धर्मरावबाबा की जीत के लिए ही काम किया था।



लेकिन रविंद्र वासेकर ने पलटवार करते हुए कहा कि, "भाजपा ने अगर सच में गठबंधन धर्म निभाया होता, तो बगावत करने वाले अम्ब्रिशराव पर कार्रवाई होती। इससे स्पष्ट है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने युती धर्म नहीं निभाया।"

उन्होंने आगे कहा कि, "लोकसभा चुनाव के समय धर्मरावबाबा आत्राम ने खुद चुनाव लड़ने की तैयारी की थी, लेकिन गडचिरोली–चिमूर लोकसभा सीट भाजपा के खाते में जाने से उन्होंने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए भाजपा उम्मीदवार अशोक नेते के लिए प्रचार किया और ऑपरेशन के बावजूद 67 सभाएं लीं।"

पत्रकार परिषद में पूर्व विधायक डॉ.रामकृष्ण मडावी, राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष लिलाधर भरडकर,डॉ.तामदेव दुधबळे, ऋषिकांत पापडकर, विवेक बाबनवाडे, अमोल कुलमेथे, लौकिक भिवापुरे, चिनी मोटवानी, अमिन लालानी, किशोर तलमले, योगेश नंदगाये, सुनील नंदनवार,प्रदीप वडेट्टीवार, गिरीष खाडिलकर, सुषमा येवले, बळवंत येवले और किशोर बावने आदि उपस्थित थे।



# रेयर अर्थ में भारत-रूस की एंट्री

## >चीन की चिंता बढ़ी



**नई दिल्ली.**

भारत और पड़ोसी देश चीन के बीच एक और नया विवाद खड़ा होता दिख रहा है. चीन ने रेयर अर्थ मेंटल्स और परमानेंट मैग्रेट की सप्लाई पर और अधिक नियंत्रण लगा दी है. भारत अपनी जरूरतों का लगभग 65 प्रतिशत रेयर अर्थ मेटल चीन से आयात करता हैं. ऐसी स्थिति में भारत की निर्भरता चीन पर बहुत अधिक हैं. इसी बीच एक सकारात्मक खबर सामने आई है.

भारतीय कंपनियों ने इस समस्या के समाधान के लिए रूस में संभावनाएं तलाशना शुरू कर दिया है.रिपोर्ट के अनुसार, भारत और रूस के बीच इसको लेकर शुरुआती चरण की बातचीत चल रही है. केन्द्र सरकार आत्मनिर्भरता को ओर तेजी से कदम बढ़ाना चाहती हैं. यहीं कारण है कि, विदेशी आयातों के दूसरे विकल्प खोजे जा रहे है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत ने लगभग 2270 टन रेयर अर्थ मेटल विदेशों से आयात किया था.

केंद्र सरकार की ओर से रूस से बातचीत के लिए लोहम और मिडवेस्ट कंपनी को चुना गया है. दोनों कंपनियां रूस के खनिज संबंधी कंपनियों के साथ मिलकर भारत के लिए नई संभावनाएं तलाशने का काम करेंगी. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार ने काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (धनबाद) और इंस्टीट्यूट ऑफ मिनरल्स एंड मटेरियल्स टेक्नोलॉजी (भुवनेश्वर) को रूस की कंपनियों की तकनीकों का समझने और पूरे प्रोसेसिंग की जानकारी इकट्ठी करने का निर्देश दिया गया है. रूस की ओर से इस साझेदारी के लिए नोर्निकेल और रोसटम कंपनियों को मौका मिल सकता है. दोनों ही रूस की सरकारी कंपनियां है.

चीन के पास इस वक्त पूरे वैश्विक मार्केट का लगभग 90 प्रतिशत रेयर अर्थ प्रोसेसिंग का नियंत्रण है. यानि कि, लगभग पूरे विश्व में चीन ही रेयर अर्थ निर्यात करता है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने पिछले कुछ सालों में रेयर अर्थ प्रोसेसिंग की तकनीकों पर बहुत काम किया है. रूस की आगे की योजना है कि, वह भारत के साथ मिलकर इन तकनीकों को व्यावसायिक रुप दे सके. अगर ये संभव हो पाया तो भारत और रूस रेयर अर्थ प्रोसेसिंग की दुनिया में दो नए नाम होंगे. जिससे चीन पर निर्भरता तो कम होगी है, साथ ही निर्यात के भी नए अवसर खुलेंगे.

# चांदी ने पकड़ी रफ्तार

## > कीमतों में धमाका

**नई दिल्ली.**

त्यौहार सीजन में जहां एक ओर सोने के भाव बढ़ रहे हैं. वहीं, दूसरी ओर चांदी के दाम में तेजी आई है. बीते हफ्ते देश में सिल्वर के दाम में तेजी आई. वायदा बाजार यानी एमसीएक्स पर 5 दिसंबर 2025 के एक्सपायर होने वाले कॉन्ट्रैक्ट की कीमत बढ़ी है. एक हफ्ते में इस कॉन्ट्रैक्ट वाले सिल्वर के भाव 10,138 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ गए हैं. पिछली दीपावली और धनतेरस से लेकर अब तक सोने और चांदी के दाम में बढ़ोतरी देखने को मिली है. वायदा बाजार में तो भाव बढ़े ही हैं इसके साथ ही स्पॉट मार्केट में भी सिल्वर के रेट्स में तेजी आई है. पिछले वर्ष दीपावली के दौरान सोने का भाव लगभग 80,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था, जो इस वर्ष बढ़कर 1,30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गया है. यानी करीब 60 फीसदी की तेजी देखने को मिली है. इसी प्रकार चांदी की कीमतें 2024 में 98,000 रुपये प्रति किलोग्राम थीं, जो अब 1,80,000 रुपये प्रति किलोग्राम के पार पहुंच गई हैं, यानी लगभग 55 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिल चुकी है. बीते हफ्ते के आखिरी कोरोबारी दिन यानी 10 अक्टूबर 2025, शुक्रवार से लेकर इस हफ्ते शुक्रवार के बीच में वायदा बाजार में चांदी की कीमतों में उछाल देखने को मिला है. 10 तारीख को 5 दिसंबर 2025 को एक्सपायर होने वाले कॉन्ट्रैक्ट वाले सिल्वर के 1 किलोग्राम की कीमत 1,46,466 रुपये थी. वहीं, जब सोमवार को ट्रेड हुआ तो सिल्वर शानदार तेजी के साथ 1,54,645 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी. हालांकि, इसके बाद सिल्वर के भाव में करेक्शन देखने को मिला.



### एक साल में बढ़े गोल्ड के दाम

पिछले साल से इस साल तक गोल्ड की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है. मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं. अगर पिछले साल की दिवाली यानी 31 अक्टूबर 2024 की बात करें, तो तब सोना 78,430 रुपये प्रति 10 ग्राम था. लेकिन 16 अक्टूबर को बाजार बंद होने पर ये 1,29,852 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. यानी, 51,422 रुपये का इजाफा, जो कि 65.56% की बढ़ोतरी है.

मगर शुक्रवार यानी 17 अक्टूबर को चांदी 1,56,604 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई. कुल मिलाकर एक हफ्ते में चांदी के भाव 10,138 रुपये की तेजी के साथ बंद हुए.

# नकली सोने से तो नहीं बना आपका गहना?



**नई दिल्ली.**

धनतेरस सोना-चांदी खरीदना का शुभ माना जाता है. इस दिन कई लोग सोना या चांदी खरीदकर ले जाते हैं. परंपरा के मुताबिक इस दिन सोने का सिक्का या गहना खरीदना मंगलकारी माना जाता है, लेकिन इस शुभ मौके पर सतर्क रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों से फर्जी हॉलमार्क और नकली सर्टिफिकेट वाले सोने की बिक्री की घटनाएं सामने आई हैं. कुछ राज्यों जैसे राजस्थान में, तांबे या पीतल के गहनों पर नकली हॉलमार्क की मुहर लगाकर उन्हें असली सोना बताकर बेचा जा रहा है. कई बार यह धंधा फर्जी हॉलमार्किंग सेंटर्स की मदद से किया जाता है. ऐसे में सवाल उठता है कि असली और नकली सोने में फर्क कैसे पहचानें? अगर आप सोना खरीदते वक्त या खरीदने के बाद उसकी शुद्धता को लेकर असमंजस में हैं, तो अब चिंता छोड़ दीजिए. भारतीय मानक ब्यूरो ने इसके लिए एक बेहद उपयोगी बीआईएस केयर ऐप बनाया है. यह ऐप गूगल प्ले स्टोर और एप्पल अप्प स्टोर दोनों जगह मुफ्त में उपलब्ध है. यह एप साल 2020 में लॉन्च हुआ था, जिसकी मदद से उपभोक्ता घर बैठे ही सोने की सुद्धता की चांज कर सकते हैं. बस आपके पास गहने पर अंकित हॉलमार्क यूनिक आईडी नंबर होना चाहिए.अगर आपको कहीं नकली हॉलमार्क, फेक गोल्ड सर्टिफिकेट या खराब क्वालिटी का सोना मिलता है, तो उसी ऐप से शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं. रजिस्टर कंप्लेंट सेक्शन में जाकर फेक प्रोडक्ट या गलत मार्किंग की रिपोर्ट करें. शिकायत के साथ आप फोटो या अन्य सबूत भी अपलोड कर सकते हैं. शिकायत दर्ज होते ही आपको एक रेफरेंस नंबर और अपडेट एसएमएस या ईमेल के जरिए मिल जाएगा. इस तरह बीआईएस केयर ऐप बन गया है हर खरीदार का सुरक्षा कवच, जो आपको धोखाधड़ी से बचाते हुए आपकी धनतेरस को सच में स्वर्णिम बना सकता है.

# स्वच्छता का राग अलापने वालों पर निगरानी, रेलवे करेगा सख्त कार्रवाई

**मुंबई/गोंदिया.**

यात्रा के दौरान ट्रेन के डिब्बे में सफाई सभी की जिम्मेदारी है, लेकिन कुछ यात्री इस जिम्मेदारी से बचते हैं. घर का बना खाना लेकर आए कई लोगों के खाने के डिब्बे जब खत्म हो जाते हैं, तो बचा हुआ खाना कहीं भी फेंक दिया जाता है. इन्हें सीट के नीचे, खिड़की के बाहर या प्लेटफार्म पर फेंक दिया जाता है. इससे ट्रेन की स्वच्छता खतरे में पड़ती है, दुर्गंध फैलती है और बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाता है. इसी पृष्ठभूमि में, रेलवे प्रशासन अब 'निगरानी मोड' में आ गया है और स्वच्छता का राग अलापने वाले यात्रियों पर सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है.

कुछ लोग प्लेटफार्म पर खाना फेंक देते हैं, जिससे ट्रेन के डिब्बे और प्लेटफार्म पर गंदगी और दुर्गंध फैल जाती है. सैकड़ों यात्री, जिन्हें लगता है कि उन्हें ट्रेन में स्वादिष्ट खाना नहीं मिलता या मिलता भी है, तो उसकी कीमत वहन नहीं कर सकते, यात्रा के दौरान घर से खाने के डिब्बे अपने साथ ले जाते हैं. भूख लगने पर वे अपनी सीट पर बैठे-बैठे ही ये खाना खा लेते हैं. हालांकि, कुछ लोग बचा हुआ खाना कोने में या सीट के नीचे फेंक देते हैं. कुछ लोग ऐसा खाना प्लेटफार्म पर या खिड़की से बाहर फेंक देते हैं. इससे ट्रेन का डिब्बा और प्लेटफार्म गंदा हो जाता है. इससे दुर्गंध फैलती है. इससे अन्य यात्रियों को संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है.

# चीन से बढ़ा व्यापार घाटा

## >आत्मनिर्भरता पर सवाल

**नई दिल्ली.**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दूसरे तिमाही अप्रैल-सितंबर में भारत के आयात में उछाल देखने को मिला है. पिछले वर्ष की तुलना में इस तिमाही में भारत ने 16.26 अरब डॉलर का अधिक सामान इम्पोर्ट किया है. पिछले वर्ष इस अवधि में देश का आयात 358.85 अरब डॉलर था. जो 2025 में 375.11 अरब डॉलर हो गया है. देश में मैन्युफैक्चरिंग की गति, घरेलू मांग ने इसे बढ़ाने का काम किया है.

साथ ही इलेक्टॉनिक्स, मशीनरी के इंपोर्ट में तेजी आई है. इस आयात से भारत का चीन के साथ ट्रेड डेफिसिट भी बढ़ गया है. एक ओर तो, जहां भारत आत्मनिर्भर होने के लिए नए प्रयास कर रहा है. वहीं दूसरी ओर, चीन से आयात बढ़ना देश के लिए शुभ संकेत नहीं दे रही है. हालांकि, चीन दुनिया के सबसे बड़े आयातक देशों में से एक है, पर चीन भारत का अलग-अलग मंचों पर विरोध भी करता रहता है.

भारत ने इस तिमाही में इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और सिल्वर प्रोडक्ट की आयात सबसे ज्यादा किया हैं. इलेक्ट्रॉनिक्स इम्पोट्‌र्स में 16.78 प्रतिशत तो वहीं, मशीनरी इम्पोट्‌र्स में 13.7 प्रतिशत की जबरदस्त उछाल देखने को मिली हैं. सिल्वर की मांग तो पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रही है. सिल्वर की खासियतों के कारण, इंडस्ट्री में इसकी मांग बढ़ती ही जा रही है. सिल्वर का इस्तेमाल इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर पैनल्स और बैटरी बनाने में किया जाता है. इस कारण, भारत में भी सिल्वर की मांग तेज है. इसके आयात में 56 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है. भारत ने 3.2 अरब डॉलर की चांदी इंपोर्ट की है.

भारत ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के पहले छमाही में सबसे ज्यादा आयात चीन से किया है. भारत ने चीन से लगभग 62.89 अरब डॉलर का सामान इंपोर्ट किया. डेटा की बात करें तो, पिछले साल की तुलना में इसमें 11.2 प्रतिशत की उछाल है. दूसरे नंबर पर यूएई से भारत ने 33.03 अरब डॉलर का सामान आयात किया. वहीं, रूस देश का तीसरा सबसे बड़ा आयातक स्रोत बना हुआ है. हालांकि, रूस से इंपोर्ट में 7.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. भारत ने रूस से 31.12 अरब डॉलर का सामान मंगवाया है.

# आरईसी ने चौंकाया बाजार

## > क्यू2 में शानदार कमाई और डिविडेंड

**नई दिल्ली.**

नवरत्न कंपनी आरईसी लिमिटेड ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दूसरे तिमाही के नतीजों की घोषणा कर दी है. दूसरे तिमाही में कंपनी को सालान आधार पर 9 प्रतिशत का शुद्ध लाभ हुआ और यह 4,414.93 करोड़ रुपए रहा. पिछले वित्तीय वर्ष इस समय कंपनी को 4,037.72 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था.

दूसरी तिमाही में कंपनी के आय में भी 10.62 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई है और यह 15,162.38 करोड़ रुपए के आंकडें पर पहुंच गई है. जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13,706.31 करोड़ रुपए थी. कंपनी ने अपने लाभ की खुशी शेयरहोल्डर्स के साथ बांटने का फैसला लिया है. कंपनी ने अपने शेयरधारकों को डिविडेंड देने का ऐलान किया है.



98,666 करोड़ रुपए के मार्केट कैप वाली आरईसी लिमिटेड के शेयरों में सप्ताह के आखिरी ट्रेडिंग सेशन में गिरावट देखी गई. कंपनी शेयर 0.74 प्रतिशत की गिरावट के साथ 374.70 रुपए के लेवल पर ट्रेड करते हुए कारोबारी दिन की समाप्ति की. हालांकि, यह गिरावट पिछले कुछ समय से देखी जा रही है. साल 2025 में कंपनी के शेयर के प्राइस अब तक 25 प्रतिशत से अधिक टूट चुके हैं. जो लगभग 30.90 प्रतिशत की गिरावट को दिखाता है.


### शेयरधारकों को मिल रहा डिविडेंड


कंपनी की ओर से अपने शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड देने का ऐलान किया गया है. कंपनी ने जानकारी देते हुए कहा है कि, 10 रुपए फेस वाले प्रत्येक शेयर पर 4.60 रुपए का डिविडेंड दिया जाएगा. कंपनी ने इसके लिए 27 अक्टूबर 2025 की तारीख तय की है. वहीं निवेशकों को 14 नवंबर या उससे पहले ही भुगतान कर दिया जाएगा. कंपनी के इस फैसले से शेयरधारकों के चेहरे खिल गए है.


# ट्रंप के टैरिफ का नहीं पड़ा असर

**नई दिल्ली.**

रूस से भारत का कच्चा तेल आयात अक्टूबर के पहले पखवाड़े में मजबूत हुआ है, जिससे जुलाई से सितंबर तक जारी तीन महीने की गिरावट थम गई है. जहाजों की आवाजाही से जुड़े आंकड़ों के मुताबिक, त्योहारी मांग को पूरा करने के लिए भारतीय रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं, जिसके चलते आयात में सुधार देखने को मिला है. रूस से भारत का कच्चा तेल आयात जून में 20 लाख बैरल प्रति दिन से घटकर सितंबर में 16 लाख बीडीपी रह गया था. हालांकि, अक्टूबर के शुरुआती आंकड़े सुधार का संकेत देते हैं. भारत को यूराल और अन्य रूसी ग्रेड के तेल की आपूर्ति में तेजी आई है, जिसे पश्चिमी बाजारों में मांग में कमी और नई छूट से समर्थन मिला है. वैश्विक व्यापार विश्लेषण कंपनी 'केप्लर' के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में भारत का तेल आयात लगभग 18 लाख बैरल प्रति दिन रहा, जो पिछले महीने की तुलना में करीब 2.5 लाख बीपीडी अधिक है. हालांकि, कंपनी का कहना है कि चालू महीने के आंकड़े संशोधित हो सकते हैं. ये आंकड़े अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 अक्टूबर के उस बयान से पहले के हैं, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी तेल आयात रोकने पर सहमति जताई है. हालांकि, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी किसी बातचीत की जानकारी नहीं है. उन्होंने कहा कि रूसी तेल भारत की ऊर्जा प्रणाली का अहम हिस्सा है.









१- श्रद्धा सबूरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉंटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर




प्रविण कडू : 9822472123

# शुभमन गिल की कप्तानी में उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली.** टीम इंडिया लंबे समय के बाद वनडे क्रिकेट खेलने जा रही है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद से भारतीय टीम कोई वनडे मैच नहीं खेली है. अब नए कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई में टीम इंडिया 50 ओवर के फॉर्मेट में एक नए युग की शुरुआत करने जा रही है. पर्थ में खेले जाने वाले पहले वनडे मैच में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी. इस मुकाबले पहले हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुभमन गिल ने विराट कोहली और रोहित शर्मा को लेकर बड़ी बात कह दी है.



शुभमन गिल ने क्या कहा?

शुभमन गिल ने पर्थ में स्वान नदी के किनारे आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ अपने संबंधों को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अटकलों पर बड़ी बात कही है. उन्होंने कहा , “रोहित और विराट ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें मैं बचपन में अपना आदर्श मानता था. उनमें जो भूख थी, उसने मुझे प्रेरित किया”. उन्होंने आगे कहा, “खेल के ऐसे दिग्गजों की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है. मुझे यकीन है कि इस सीरीज में ऐसे कई मौके आएंगे जब मैं उनसे बहुत कुछ सीख पाऊंगा. अगर मैं किसी मुश्किल स्थिति में पड़ जाऊं तो मैं उनसे सलाह लेने से नहीं हिचकिचाऊंगा”.

रोहित-विराट के साथ अच्छे संबंध

शुभमन गिल ने आगे कहा कि बाहर एक कहानी चल रही है, लेकिन रोहित के साथ मेरे रिश्ते में कोई बदलाव नहीं आया है. जब भी मुझे लगता है कि मुझे उनसे कुछ पूछना है तो वो मेरी बहुत मदद करते हैं. उन्होंने कहा, “मैंने विराट भाई और रोहित भाई के साथ टीम को आगे बढ़ाने के तरीके पर कई बार बातचीत की है. वे किस तरह से टीम को आगे ले जाना चाहते थे और उनसे मिली सीख और अनुभव हमारे काम आएंगे”. वनडे टीम के नए कप्तान ने कहा कि माही भाई (एमएस धोनी), विराट भाई और रोहित भाई द्वारा बनाई गई विरासत को आगे बढ़ाना मेरे लिए ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. वे टीम में जिस तरह का अनुभव और कौशल लेकर आते हैं, वह बहुत बड़ा है.

**दोनों खिलाड़ी मेरे लिए आदर्श**

गिल ने विराट कोहली और रोहित को वनडे क्रिकेट में दबदबा बनाते हुए देखा है, जो उनके शुरुआती सालों में भारतीय फैंस के बीच बेहद लोकप्रिय थे. गिल ने कहा कि जाहिर है, जब मैं बच्चा था तो मैं उनके खेल और उनकी लगन के लिए उन्हें अपना आदर्श मानता था, जिसने मुझे प्रेरित किया. खेल के ऐसे दिग्गजों का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है. उन्होंने कहा कि “मैं उस तरह का कप्तान बनना चाहूंगा जहां मेरे सभी खिलाड़ी सुरक्षित महसूस करें. गिल ने आगे कहा कि उन्होंने लगभग 20 सालों तक भारतीय क्रिकेट की सेवा की है और जब मैं उनके नेतृत्व में खेला, तो मैंने बहुत कुछ सीखा है. उनके अनुभव को दोहराया नहीं जा सकता. उन्होंने दुनिया भर में जो रन बनाए हैं वो भुलाया नहीं जा सकता. गिल का मानना है कि अतिरिक्त जिम्मेदारी एक खिलाड़ी के रूप में उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाती है. उन्होंने कहा, “मुझे अच्छा लगता है जब मुझे अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जाती है, तो मैं दबाव में अच्छा प्रदर्शन करता हूं और मेरा सर्वश्रेष्ठ खेल सामने आता है, लेकिन जब मैं बल्लेबाजी करता हूं तो मैं एक बल्लेबाज के रूप में सोचता हूं.

# आईसीसी का नया नियम: बल्लेबाजों की चालाकी पर लगेगी लगाम

**नई दिल्ली.** क्रिकेट को और अधिक रोमांचक और निष्पक्ष बनाने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) समय-समय पर नए नियम लागू करता रहता है। अब एक और अनोखा नियम सामने आया है, जो खासतौर पर बल्लेबाजों की चालाकी पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के सुझाव के बाद लागू किये गए इस नियम का खुलासा आईसीसी के पूर्व अंपायर अनिल चौधरी ने किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए बताया कि यह नियम कैसे बल्लेबाजों को मैच के दौरान अनुचित फायदा उठाने से रोकेगा।



**अब बल्लेबाज नहीं खेल सकेंगे ये शॉट**

आईसीसी के इस नए नियम के मुताबिक, अगर बल्लेबाज गेंद खेलते समय पूरी तरह स्टंप्स के पीछे चला जाता है और उसका कोई भी हिस्सा पिच पर नहीं रहता, तो वह शॉट डेड बॉल घोषित कर दिया जाएगा. इस स्थिति में रन नहीं जोड़े जाएंगे, हालांकि गेंद को लीगल डिलीवरी माना जाएगा. लेकिन ध्यान रहे, अगर बल्लेबाज बोल्ड हो जाता है, तो वह आउट ही रहेगा.

**काइरन पोलार्ड खेल चुके हैं ऐसे शॉट**

कई बार देखा जाता है कि बल्लेबाज गेंदबाज को चकमा देने के लिए स्टंप्स के पीछे खिसक जाते हैं.

वेस्टइंडीज के दिग्गज काइरन पोलार्ड को कई बार ऐसा शॉट खेलता हुआ देखा जा चुका है. बल्लेबाज इस तकनीक का इस्तेमाल गेंदबाजों को परेशान करने और फील्डिंग को बिगाड़ने के लिए करते थे. लेकिन अब, अगर बल्लेबाज का पैर या शरीर का कोई हिस्सा पिच की सतह को नहीं छूता, तो अंपायर तुरंत डेड बॉल का इशारा करेंगे. इसका मतलब है कि भले ही बल्लेबाज ने चौका या छक्का मार दिया हो, रन नहीं गिने जाएंगे. हालांकि, इस नियम में ट्विस्ट ये है कि

डिलीवरी को लीगल माना जाएगा, यानी यह ओवर का हिस्सा रहेगी. इस तरह यह नियम गेंदबाजों को थोड़ा ज्यादा फायदा देता है, क्योंकि बल्लेबाज को अब अपनी पोजिशन के प्रति सतर्क रहना होगा. यह नियम टी20, वनडे और टेस्ट सभी फॉर्मेट में लागू होगा, जिससे बल्लेबाजों को अपनी तकनीक में बदलाव करना पड़ सकता है. खासकर बल्लेबाज टी20 फॉर्मेट में ऐसा शॉट ज्यादा खेलते हैं.

# टी20 स्टार रिंकू सिंह का रेड बॉल क्रिकेट में जलवा



**नई दिल्ली.** टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में चुने गए हैं. इस दौरे से पहले वह रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले राउंड का हिस्सा बने हैं. इस राउंड में उत्तर प्रदेश की टीम का सामना आंध्र प्रदेश से हुआ. उत्तर प्रदेश की ओर से खेलते हुए रिंकू सिंह इस मुकाबले की पहली पारी में यादगार पारी खेलने में कामयाब रहे. टी20 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले रिंकू सिंह ने रेड बॉल क्रिकेट में एक अलग ही अंदाज दिखाया और शतक जड़ा.

रिंकू सिंह ने रणजी ट्रॉफी में जड़ा शतक

इस मुकाबले में आंध्र ने पहली पारी में 470 रन बनाए थे. इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की पारी एक समय लड़खड़ा गई थी. टीम ने 178 रन पर ही 5 विकेट गंवा दिए थे. लेकिन रिंकू ने पांचवें नंबर पर बैटिंग करते हुए टीम को संभालने का काम किया और एक यादगार शतक जड़ा. उन्होंने इस पारी में काफी संभलकर बल्लेबाजी की और 180 गेंदों का सामना करते हुए अपना शतक पूरा किया. रिंकू सिंह ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 8वीं बार 100 रन का आंकड़ा छुआ. रिंकू सिंह ने भले ही अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट की दुनिया में पहचान बनाई है,

लेकिन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी उनके आंकड़े काफी शानदार हैं. वह 51 फर्स्ट क्लास मैचों में 3400 से ज्यादा रन बना चुके हैं, जिसमें 8 शतक के अलावा 22 अर्धशतक भी शामिल हैं. खास बात ये है कि फर्स्ट क्लास में उनका औसत 50 से भी ज्यादा का है. जो बताता है कि वह रेड बॉल क्रिकेट के भी एक शानदार बल्लेबाज हैं. हालांकि, टीम इंडिया के लिए उन्होंने अभी तक एक भी टेस्ट मैच नहीं खेला है.

रिंकू सिंह के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा काफी खास रहने वाला है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अभी तक एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है. हालांकि, वह इस टीम के खिलाफ अभी तक 5 टी20 मैच खेले चुके हैं, इस दौरान उन्होंने 4 पारियां में 52.50 के औसत से 105 रन बनाए हैं. उनके बल्ले से ये रन 175.00 की स्ट्राइक रेट से निकले हैं.

# कोहली-रोहित से डरे मिचेल मार्श पहले वनडे को लेकर बढ़ी चिंता


**नई दिल्ली.** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद पहली बार भारत और ऑस्ट्रेलिया के टीमें आमने-सामने होंगी. टीम इंडिया वनडे मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखना चाहेगी. भारतीय टीम के इस शानदार प्रदर्शन के पीछे विराट कोहली और रोहित शर्मा का हाथ है, जो लंबे समय से शानदार प्रदर्शन करते हुए आ रहे हैं. इन दोनों खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श भी चिंतित हैं. इस दौरान उन्होंने पहले मैच के टिकट इतने ज्यादा क्यों बिके हैं? इसका भी राज खोला है.ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने 19 अक्टूबर से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज़ से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा की वापसी का स्वागत किया है. इस दौरान उन्होंने इन दिग्गज खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की और फिर मजाक में कहा, “ऑस्ट्रेलियाई फैंस को इन दो महान खिलाड़ियों को देखना चाहिए, हालांकि मैं उम्मीद करूंगा ये खिलाड़ी अच्छा नहीं खेलें. प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्श ने रोहित और विराट को ‘खेल का दिग्गज’ कहा. मार्श ने कोहली को व्हाइट बॉल क्रिकेट का सबसे बेहतरीन रन चेजर बताया. उन्होंने



कहा कि शायद इसी वजह से उनके हर मैच में टिकटों की बिक्री ज्यादा होती है.विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी के बारे में बात करते हुए मार्श ने कहा कि विराट और रोहित के खिलाफ खेलने का मुझे सौभाग्य मिला है. वे निश्चित रूप से खेल के दिग्गज हैं. विराट कोहली खासकर इस फॉर्मेट में अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं. मुझे लगता है कि आप समझ सकते हैं कि टिकटों की बिक्री इतनी ज्यादा क्यों है और इतने सारे लोग उन्हें देखने क्यों आ रहे हैं? ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने आगे कहा कि अगर ये ऑस्ट्रेलियाई धरती पर उनका आखिरी दौरा है तो मुझे उम्मीद है कि वे इसका आनंद लेंगे और मुझे उम्मीद है कि लोग उनसे ज्यादा शानदार क्रिकेट नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया में दो महान खिलाड़ियों को खेलते हुए देख पाएंगे.

# फिटनेस विवाद के बीच शमी की धमाकेदार वापसी

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और उनकी फिटनेस इन दोनों काफी सुर्खियों में बनी हुई है. वह पिछले 7 महीनों से टीम इंडिया के लिए नहीं खेले हैं और बीसीसीआई की ओर से इसी वजह उनकी खराब फिटनेस बताई जा रही है. लेकिन शमी खुद को लगातार फिट बता रहे हैं. इसी बीच वह रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले राउंड में बंगाल की टीम के लिए खेलने उतरे और अपनी घातक गेंदबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया.



मोहम्मद शमी ने झटके 7 विकेट

रणजी ट्रॉफी 2025-26 के पहले राउंड में मोहम्मद शमी उत्तराखंड की टीम के खिलाफ खेलने उतरे. इस मुकाबले की दोनों पारियों में उन्होंने कमाल की गेंदबाजी की. शमी ने मैच की पहली पारी में 14.5 ओवर गेंदबाजी की और 37 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किये. खास बात ये रही कि उन्होंने ये 3 विकेट सिर्फ 4 गेंदों में लिए. दरअसल, उन्होंने अपने 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर पहली सफलता हासिल की और फिल तीसरे-पांचवीं गेंद पर भी सफलता हासिल की. इसके बाद मोहम्मद शमी ने दूसरी पारी में भी कहर बरपाया. इस पारी में उन्होंने 24.4 ओवर फेंके और 38 रन खर्च करते हुए 4 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया. यानी मोहम्मद शमी इस मैच में कुल 7 विकेट हासिल करने में कामयाब रहे. इसके साथ-साथ उन्होंने लगभग 40 ओवर गेंदबाजी करते अपनी फिटनेस का भी टेस्ट दिया. जो सबसे ज्यादा चर्चा में भी है. इस मैच में वह अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज भी रहे. ऐसे में शमी अपनी फिटनेस और फॉर्म को आने वाले मैचों में भी जारी रखते हैं तो वह टीम इंडिया में वापसी करते हुए नजर आ सकते हैं.

फिटनेस पर छिड़ा बवाल

बता दें, हाल ही में सेलेक्टर अजीत अगरकर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम का ऐलान करने के बाद कहा था कि उनके पास शमी की फिटनेस के बारे में कोई जानकारी नहीं है. जिसके बाद शमी ने उत्तराखंड के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले कहा था, ‘अगर फिटनेस का मसला है तो मुझे बंगाल के लिए नहीं खेलना चाहिए. मैंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025, आईपीएल 2025, दलीप ट्रॉफी खेली है और मैं अच्छे टच में हूं. अगर मैं चार दिवसीय खेल सकता हूं, तो मैं 50 ओवर का क्रिकेट भी खेल सकता हूं. हालांकि, अगरकर शमी की इस बात से सहमत नजर नहीं आए. उन्होंने एक न्यूज चैनल के इवेंट में कहा, ‘वो भारत के लिए एक शानदार खिलाड़ी रहे हैं और अगर उन्होंने कुछ कहा है.

# किरण नवगिरे का धमाका महिला टी20 में सबसे तेज शतक

**नई दिल्ली.** भारतीय घरेलू क्रिकेट में इस समय कई टूर्नामेंट खेले जा रहे हैं, जिसमें महिला टी20 ट्रॉफी भी शामिल है. इस टूर्नामेंट में भारत की एक बल्लेबाज ने एक ऐतिहासिक पारी खेलकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. इस खिलाड़ी का नाम किरण नवगिरे हैं. महाराष्ट्र की ओपनर किरण नवगिरे ने महिला टी20 ट्रॉफी में पंजाब में खिलाफ एक तूफानी पारी खेलते हुए महिला टी20 में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया. इस मुकाबले में पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रनों का टारगेट रखा, लेकिन महाराष्ट्र ने इसे सिर्फ आठ ओवरों में हासिल कर लिया.

इस चेज में किरण नविगिरे चमकीं, जिन्होंने 35 गेंदों पर नाबाद 106 रनों की विस्फोटक पारी खेली. उनकी इस पारी में 14 चौके और सात छक्के शामिल रहे. इस दौरान उन्होंने सिर्फ 34 गेंदों में शतक पूरा किया और इतिहास रच दिया. ये महिलाओं के टी20 क्रिकेट में अब तक का सबसे तेज शतक है.

# शम्स मुलानी का ऑलराउंड कमाल, मुंबई को दिलाई जीत

**मुंबई.** वैसे तो क्रिकेट 11-11 खिलाड़ियों के बीच के मुकाबले का खेल है लेकिन कई बार एक खिलाड़ी ही इसमें बड़ा अंतर साबित होता है. खास तौर पर वनडे और टी20 फॉर्मेट में ऐसा अक्सर देखने को मिलता है. मगर जब लंबे फॉर्मेट में कोई खिलाड़ी ऐसा करे तो ये बेहद खास होता है. खास तौर पर जब वो खिलाड़ी बैटिंग के साथ बॉलिंग में भी जलवा दिखाकर टीम को जिताए तो क्या ही कहना. रणजी ट्रॉफी 2025-26 सीजन के पहले ही मैच में मुंबई के बॉलिंग ऑलराउंडर शम्स मुलानी ने बिल्कुल यही किया. उन्होंने न सिर्फ टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए, बल्कि अपनी बॉलिंग से सबसे ज्यादा विकेट लेकर मुंबई को जीत भी दिला दी. श्रीनगर में खेले गए एलीट ग्रुप डी के इस मुकाबले में 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई ने आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर को 35 रन के करीबी अंतर से हरा दिया. जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 243 रन का लक्ष्य मिला था. मगर बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने उनकी हर कोशिश को नाकाम कर दिया. मुलानी ने अपने 20.4 ओवर के स्पैल में जम्मू-कश्मीर के 7 बल्लेबाजों को आउट



कर पूरी टीम को सिर्फ 207 रन पर ढेर कर दिया और मुंबई को चौंकाने वाली हार से बचाया.मगर इस कमाल से पहले ही अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी ने मैच में अपना दम दिखा दिया था. अजिंक्य रहाणे, सरफराज खान, सिद्धेश लाड और मुशीर खान जैसे दमदार बल्लेबाजों से भरी मुंबई की टीम के लिए इस मुकाबले में सबसे ज्यादा रन मुलानी ने ही बनाए. मैच से पहले टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठ रहे थे लेकिन पहले ही मैच में उन्होंने अपना कमाल दिखा दिया. पहली पारी में मुलानी ने 91 रन की बेहतरीन पारी खेली और सिद्धेश लाड के साथ 159 रन की साझेदारी की थी. फिर दूसरी पारी में तो उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा 41 रन बनाए.

वहीं गेंदबाजी में भी वो पहली पारी से ही अपना असर डालते दिखे. पहली पारी में इस 28 साल के इस स्पिनर ने 2 विकेट हासिल किए थे. इस तरह मैच में उन्होंने मुंबई के लिए सबसे ज्यादा 132 रन बनाए और साथ ही सबसे ज्यादा 9 विकेट भी हासिल करते हुए टीम को जीत के साथ बेहतरीन शुरुआत दिलाई. मुलानी ने 17वीं बार फर्स्ट क्लास करियर में एक पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट हासिल किए. इतना ही नहीं.

# पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक में अफगानिस्तान के युवा क्रिकेटर्स की मौत

**लाहौर.** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पिछले कुछ दिनों से सैन्य झड़प हो रही है. यह संघर्ष पिछले हफ्ते शुरू हुआ जब इस्लामाबाद ने काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों पर हमला किया. हालांकि, 8 अक्टूबर से जारी संघर्ष के बाद बुधवार शाम को सीजफायर पर सहमति बनी थी. लेकिन शुक्रवार रात पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमले कर दिये. पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका प्रांत में एयर स्ट्राइक की और रिहायशी घरों को निशाना बनाया गया, जिसमें कई युवा क्रिकेटर्स ने भी अपनी जान गंवा दी.



3 अफगान क्रिकेटरों की मौत

पक्तिका प्रांत में पाकिस्तानी हवाई हमलों ने अफगानिस्तान के क्रिकेट समुदाय को गहरा दुख पहुंचाया है. इस हमले में 3 स्थानीय क्लब क्रिकेटरों की मौत हो गई, जबकि चार खिलाड़ी घायल हो गए. इन खिलाड़ियों का नाम कबीर, सिबगतुल्लाह और हारून है. इनके अलावा 5 और लोगों ने अपनी जान गंवा दी. यह घटना तब हुई जब खिलाड़ी प्रांतीय राजधानी शराना में एक स्थानीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर अरगुन जिले लौटे थे. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस क्षति पर गहरा दुख जताया और मारे गए खिलाड़ियों को अफगान क्रिकेट का ‘जमीनी नायक’ बताया. वहीं, अफगान के स्टार खिलाड़ियों ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है. पक्तिका हवाई हमलों में घरेलू खिलाड़ियों की मौत के बाद, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ट्राई सीरीज में अपनी भागीदारी रद्द करने का फैसला भी लिया है. ये ट्राई टी20 सीरीज नवंबर में होनी थी.स्टार खिलाड़ियों ने जताया दुख

अफगान तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने एक्स पर एक पोस्ट में हमले की निंदा करते हुए लिखा, ‘इन अत्याचारियों की ओर से निर्दोष नागरिकों और हमारे घरेलू क्रिकेट खिलाड़ियों का नरसंहार एक जघन्य अपराध है. अल्लाह शहीदों को जन्नत में सर्वोच्च जगह दे, अपराधियों को अपमानित करे और उन्हें अपने प्रकोप का भागी बनाए. खिलाड़ियों और नागरिकों की हत्या सम्मान नहीं, बल्कि घोर अपमान है. अफगानिस्तान अमर रहे!’ वहीं, राशिद खान ने लिखा, ‘अफगानिस्तान पर हाल के पाकिस्तानी हवाई हमलों में नागरिकों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है. एक त्रासदी जिसने महिलाओं, बच्चों और विश्व मंच अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखने वाले युवा क्रिकेटरों की जान ले ली. नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बिल्कुल बर्बर है. मैं पाकिस्तान के खिलाफ आगामी मुकाबलों से हटने के एसीबी के फैसले का स्वागत करता हूं. मैं इस कठिन समय में अपने लोगों के साथ खड़ा हूं, हमारी राष्ट्रीय गरिमा बाकी सभी से पहले आनी चाहिए.’

# सीमा संघर्ष का असर क्रिकेट पर अफगानिस्तान ने ट्राई सीरीज से हटाया नाम



**काबुल.** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर बिगड़े हालात का असर इंटरनेशनल क्रिकेट पर भी पड़ा है. अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने पाकिस्तान के खिलाफ ट्राई सीरीज में हिस्सा न लेने का फैसला किया है, जिससे नवंबर में होने वाली इस रोमांचक सीरीज पर संकट मंडरा रहा है. यह कदम अरगुन जिले में हाल ही में हुई एक दुखद घटना के बाद उठाया गया है, जहां पाकिस्तानी सेना की ओर से हवाई हमले में तीन अफगानी क्रिकेटरों की जान चली गई. इस घटना ने खेल जगत को स्तब्ध कर दिया है.

पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच यह ट्राई सीरीज 17 से 29 नवंबर तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाली थी. इसके लिए अफगानिस्तान को पाकिस्तान का दौरा करना था, जहां तीनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ कई मुकाबले खेलतीं. खासतौर पर पाकिस्तान और अफगानिस्तान को सीरीज के उद्घाटन मुकाबले में 17 नवंबर को आमने-सामने होना था, उसके बाद 23 नवंबर को दूसरी भिड़ंत थी. लेकिन अब एसीबी के इनकार से पूरा टूर्नामेंट खतरे में पड़ गया है. यह फैसला तब आया है जब दोनों देशों के बीच डिप्लोमेटिक रिश्ते पहले ही नाजुक मोड़ पर पहुंच चुके हैं. वहीं, इस ट्राई सीरीज का ऐलान भी उसी समय हुआ था,

जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा विवाद और बाकी मुद्दे उफान पर थे. याद रहे, भारत ने भी पिछले कई सालों से पाकिस्तान के साथ बाइलेट्रल सीरीज से दूरी बना रखी है. भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी बाइलेट्रल सीरीज 2012-13 में खेली गई थी, जब पाकिस्तान ने भारत का दौरा किया था, वहीं टीम इंडिया तो 2005-06 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी. अब अफगानिस्तान का नाम इस लिस्ट में जुड़ गया है.

# काठमांडू प्रदर्शनों पर बैन, कानून-व्यवस्था पर मंडरा रहा संकट

**काठमांडू.**

नेपाली प्राधिकारियों ने राजधानी काठमांडू के पांच संवेदनशील क्षेत्रों में दो महीने की अवधि के लिए विरोध प्रदर्शनों पर शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया. यह प्रतिबंध आज से प्रभावी होगा. काठमांडू जिला प्रशासन कार्यालय द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास, सिंह दरबार सचिवालय, प्रधानमंत्री आवास, लैंचौर स्थित उपराष्ट्रपति आवास और नारायणहिती संग्रहालय के आसपास के क्षेत्रों पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं.




सभी पांच स्थानों पर विरोध कार्यक्रम, सभा, धरना, भूख हड़ताल और प्रदर्शन प्रतिबंधित कर दिए गए. नोटिस के अनुसार, इन संवेदनशील क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन, सभाएं और मार्च आयोजित करने से कानून-व्यवस्था की स्थिति खतरे में पड़ सकती है और शांति भंग हो सकती है, साथ ही सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचने का खतरा भी हो सकता है, जिसे देखते हुए यह प्रतिबंध लगा दिया गया है.

मुख्य जिला प्रशासन अधिकारी ईश्वर राज पौडेल द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है कि नेपाल के संविधान के तहत अन्य सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण सभाओं एवं विरोध प्रदर्शनों की अनुमति है. ये प्रतिबंध पिछले महीने जेन-जेड के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के बाद लगाए गए हैं. जेन जेड उस पीढ़ी को कहा जाता है जो 1997 से 2012 के बीच पैदा हुई है.

वहीं नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा कि उनकी कार्यवाहक सरकार निर्धारित समय के भीतर स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में आम चुनाव कराने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता का हस्तांतरण करेगी. कार्की पिछले महीने नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं. भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के मुद्दे पर युवाओं के नेतृत्व में 'जेन जेड' द्वारा सरकार के खिलाफ किए गए विरोध प्रदर्शनों के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पद से हटा दिया गया था.

### प्रतिनिधि सभा ने चुनाव को दी मंजूरी

उन्होंने कहा कि इसके बाद हम शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचित सरकार को सत्ता सौंप देंगे. नेपाल के शीर्ष निर्वाचन निकाय ने प्रतिनिधि सभा के चुनाव के कार्यक्रम को पहले ही मंजूरी दे दी है, जो 5 मार्च, 2026 को निर्धारित है. इस बातचीत के दौरान भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव सहित विभिन्न देशों के काठमांडू स्थित राजदूत उपस्थित थे.

# आप विधायक मलिक को वोट की इजाज़त मिले?

## > एचसी का सरकार को निर्देश

**श्रीनगर.**

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने आज शनिवार को राज्य की उमर अब्दुल्ला सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि वह आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक को केंद्र शासित प्रदेश की 4 सीटों के लिए होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोटिंग करने की अनुमति सुनिश्चित करे. सुनवाई के दौरान राज्य के वकील ने हाई कोर्ट को बताया कि अधिकारियों ने कठुआ जेल में पोस्टल बैलेट पहले ही भेज दिए हैं, जहां विधायक मलिक 8 सितंबर से जन सुरक्षा अधिनियम के तहत बंद हैं.






कोर्ट की ओर से यह आदेश आप विधायक की ओर से दाखिल उस अनुरोध पर आया है, जिसमें उन्होंने 23 अक्टूबर से श्रीनगर में शुरू होने वाले आगामी विधानसभा सत्र में भाग लेने और अगले दिन होने वाले राज्यसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति मांगी थी.

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा सचिव मनोज पंडित, जो राज्यसभा चुनाव के लिए रिटर्निंग ऑफिसर भी हैं, ने मेहराज मलिक की वोटिंग के लिए कठुआ जेल में 3 पोस्टल बैलेट भेजे हैं, जो कानून के अनुसार हिरासत में लिए गए विधायक को मतदान में भाग लेने की अनुमति देता है.

राज्यसभा की 2 सीटों के लिए अलग-अलग चुनाव हो रहे हैं, जबकि 2 अन्य सीटों को एक ही अधिसूचना के तहत एक साथ जोड़ दिया गया है, जिससे हर विधायक के पास 3 वोट डाल सकेगा.

राज्यसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 4 उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 3 उम्मीदवार उतारे हैं.

**सरकार का कोर्ट में क्या दी दलील :** जस्टिस राजेश सेखरी ने सरकार को निर्देश दिया कि वह यह तय करे कि कैदी को अपना वोट डालने की अनुमति दी जाए, जो आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता भी हैं. कोर्ट में आप विधायक का प्रतिनिधित्व सीनियर एडवोकेट राहुल पंत, और एडवोकेट एसएस अहमद, मुजफ्फर इकबाल खान, अप्पू सिंह सलाथिया, तारिक मुगल और एम. जुल्करनैन चौधरी ने किया.

वकीलों ने जोर देकर कहा कि आवेदन पर आज ही विचार किया जाना चाहिए.

# आसिम मुनीर की तालिबान को चेतावनी, दिये दो ऑप्शन

**नई दिल्ली.**

पाकिस्तानी आर्मी चीफ फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर ने शनिवार को अफगानिस्तान को दो ऑप्शन देते हुए शांति या अराजकता में किसी एक को चुनने के लिए कहा। उन्होंने काबुल से कहा कि वह अफगान जमीन का इस्तेमाल करके पाकिस्तान के अंदर हमले करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त और तुरंत कार्रवाई करे। मुनीर का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान ने शुक्रवार देर रात अफगानिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाकर नए एयर स्ट्राइक किए हैं। इससे कुछ घंटे पहले इस्लामाबाद और काबुल ने अपने दो दिन के सीजफायर को बढ़ाया था, जिससे दोनों पक्षों के बीच दुश्मनी कुछ समय के लिए रुक गई थी।



चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद में पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी काकुल में आर्मी कैडेट्स के पासिंग आउट होने के समारोह में अफगानिस्तान का जिक्र करते हुए कहा, ''शांति और अराजकता में से किसी एक को चुनें।' उन्होंने कहा कि तालिबान शासन को पाकिस्तान में आतंकवादी गतिविधियों के लिए अपनी जमीन से काम करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

मुनीर ने चेतावनी दी कि अफगान जमीन का इस्तेमाल करने वाले सभी प्रॉक्सी को धूल में मिलाने जैसा जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान की तरफ से शुक्रवार को किए गए हमले, नॉर्थ वज़ीरिस्तान में एक मिलिट्री ठिकाने पर आतंकवादियों के बंदूक और बम हमले के बाद हुए, जिसकी जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के हाफिज गुल बहादुर ग्रुप ने ली थी।

ये नए हमले ऐसे समय में हुए हैं जब दोनों देशों के प्रतिनिधियों की दोहा में मीटिंग होने की उम्मीद है, जहां कतर सरकार बीच-बचाव की कोशिश करने वाली है। इस्लामाबाद ने लगातार तालिबान सरकार से आतंकवादी ग्रुपों को बॉर्डर पार हमलों के लिए अफगान इलाके का इस्तेमाल करने से रोकने की अपील की है। हालांकि, काबुल इन आरोपों से इनकार करता रहा है, और जोर देता है कि अफगान जमीन का इस्तेमाल किसी भी पड़ोसी देश के खिलाफ नहीं किया जा रहा है।

# यूके के नागरिकों को भी मिलेगा आधार कार्ड?

**वाशिंगटन.**

हाल ही में मुंबई की अपनी यात्रा के बाद ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर कीर स्टार्मर ने भारत की आधार डिजिटल बायोमेट्रिक पहचान सिस्टम की तारीफ करते हुए उसे एक बड़ी सफलता बताया. साथ ही वो इसे ब्रिटेन की प्रस्तावित डिजिटल पहचान योजना ब्रिट कार्ड के लिए एक मॉडल के रूप में अपनाने पर विचार कर रहे हैं. भारत में आधार बायोमेट्रिक डेटा के जरिए से नागरिकों को कल्याण योजनाएं और सेवाएं दी जाती हैं. वहीं, दूसरी तरफ ब्रिटेन में ब्रिट कार्ड की योजना शुरू में अवैध प्रवासी मजदूरों पर रोक लगाने पर केंद्रित होगी. हालांकि, इस योजना को देश में कड़ी आलोचनाओं और भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि लोगों को निजता (प्राइवेसी) के उल्लंघन और सरकार के अत्यधिक नियंत्रण (ओवररीच) का डर है.




हाल ही में मुंबई की दो दिन की यात्रा के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर कीर स्टार्मर ने कई अहम हस्तियों से मुलाकात की थी, जिनमें इंफोसिस के सह-संस्थापक और आधार योजना की परिकल्पना में प्रमुख भूमिका निभाने वाले नंदन नीलेकणी भी शामिल थे. इस दौरान उन्होंने भारत की व्यापक डिजिटल आईडी योजना के तेजी से लागू होने और उसके प्रभाव पर चर्चा की. आधार, जिसे 15 साल पहले लॉन्च किया गया था, आज लगभग 1.4 अरब नागरिकों को कवर करता है और बैंकिंग, कल्याण योजनाओं और बाकी सरकारी सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाता है. यह सिस्टम प्रत्येक व्यक्ति को एक यूनिक 12 अंकों का बायोमेट्रिक आईडी नंबर देता है.

भारत में आधार को लेकर आलोचनाएं भी हुई हैं. कई विशेषज्ञों ने डेटा सुरक्षा से जुड़े जोखिमों की ओर इशारा किया है, वहीं कुछ मामलों में आईडी न होने के कारण लोगों को योजनाओं और सेवाओं से वंचित होने की रिपोर्टें भी सामने आई हैं. इसके बावजूद, द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, इस सिस्टम ने भारत की अर्थव्यवस्था को अरबों रुपये की बचत करवाई है और भ्रष्टाचार में कमी लाने में मदद की है.

मुंबई की यात्रा के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर ने कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि डिजिटल आईडी भले ही इसकी लोकप्रियता घोषणा के बाद से घटी हो अपनी सुविधा के कारण जनता का भरोसा दोबारा जीत पाएगी. लेकिन सर्वे से पता चला है कि ब्रिटेन में डिजिटल आईडी को लेकर जनता का समर्थन इसकी घोषणा के बाद से काफी घटा है.


आलोचकों का कहना है कि इससे प्राइवेसी, डेटा लीक और सरकार के अत्यधिक नियंत्रण जैसे खतरे बढ़ सकते हैं. अब तक ब्रिटेन सरकार ने ब्रिट कार्ड के लिए किसी निजी टेक्नोलॉजी कंपनी के साथ साझेदारी नहीं की है.

# कपड़े बदलकर ना लौटे जंगलराज

## >बिहार समागम में शाह का वार

**पटना.**

होम मिनिस्टर अमित शाह ने हिन्दुस्तान बिहार समागम में कई अहम सवालों के जवाब दिए हैं। उन्होंने घुसपैठिया, बिहार के विकास, जंगलराज, चुनाव आयोग के सीर समेत कई मसलों पर बात की। उन्होंने सीट बंटवारे को लेकर उपजे मतभेदों पर कहा कि एनडीए में कोई विवाद नहीं है। अमित शाह ने कहा कि हम राजनीतिक दल हैं और सभी की अपनी मांग होती है, लेकिन जब एक बार सीटें तय हो जाती हैं तो फिर सब मिलकर काम करने लगते हैं। राहुल गांधी की ओर से वोट चोरी के सवाल पर अमित शाह ने कहा कि जो देश का नागरिक नहीं है, वह कैसे तय करेगा कि सरकार किसकी होगी। देश का पीएम विदेशी नागरिक थोड़ी तय करेंगे।



अमित शाह ने प्रधान संपादक शशि शेखर से बातचीत में कहा, 'यदि चुनाव आयोग SIR के जरिए घुसपैठियों को निकालता है तो उन्हें तकलीफ क्या है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्होंने घुसपैठ होने देकर अपना वोट बैंक बढ़ाया है। हम भाजपा के रूप में यही मांग रखते हैं कि पूरे देश में SIR होना चाहिए और चुन-चुनकर घुसपैठियों को निकाला जाए।' उनसे पूछा गया कि घुसपैठ रोकने का काम तो केंद्र सरकार का ही है और आप कितने सफल हुए हैं? इस सवाल पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल और झारखंड में हमारी सरकार नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बॉर्डर कोई सीधी सड़क नहीं है। वहां बहुत सी जटिलताएं होती हैं। मौसम की मार भी होती है। नदी के बहाव, पर्वत, बर्फबारी जैसी स्थितियों में 24 घंटे की निगरानी करना मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि जब कोई घुसपैठिया एंट्री करता है तो किसी गांव में जाता है। ऐसी स्थिति में वहां का स्थानीय प्रशासन कैसे निगरानी करता है और उन्हें बाहर क्यों नहीं निकलता। यह जरूरी सवाल है। नई पीढ़ी के तमाम लोगों को तो जंगलराज याद ही नहीं है, जिसकी आप बात करते हैं। इस पर अमित शाह ने कहा कि मैं उसे ही याद दिलाने यहां आया हूं। 20 साल से हम यहां हैं तो क्या हुआ? इसका जवाब है कि हमने सारे गड्ढे भरे हैं। पहले 10 साल में यहां की कानून व्यवस्था सही हुई है। नरसंहार, फिरौती, कत्लेआम का दौर समाप्त हुआ है। इसके बाद हमने सड़कें बनानी शुरू कीं।

# ट्रंप का नया टैरिफ हमला

## > 25% टैक्स से हड़कंप

**वाशिंगटन.**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को आदेश दिए कि 1 नवंबर से आयातित मध्यम और भारी ट्रकों और उनके पार्ट्स पर 25% नया टैरिफ लगाया जाएगा. इसके साथ ही आयातित बसों पर 10% टैरिफ लागू होगा..अधिकारियों के अनुसार ये टैरिफ राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर लगाए जा रहे हैं और इसका उद्देश्य अधिक ऑटो उत्पादन को अमेरिका में स्थानांतरित करना है. हालांकि, यह मेक्सिको के लिए बड़ा झटका हो सकता है, क्योंकि यह अमेरिका को मध्यम और भारी ट्रकों का सबसे बड़ा निर्यातक देश है.ट्रंप के आदेश के अनुसार अमेरिकी वाहन निर्माता 2030 तक अमेरिका में असेंबल किए गए वाहनों के लिए सुझाए गए खुदरा मूल्य का 3.75% क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं. यह क्रेडिट आयातित पुर्जों पर टैरिफ की लागत को कम करने में मदद करेगा. इसी तरह अमेरिकी इंजन निर्माण और अमेरिकी मध्यम और भारी ट्रक उत्पादन के लिए भी 3.75% क्रेडिट बढ़ाया गया है.नए टैरिफ में श्रेणी 3 से श्रेणी 8 तक के सभी ट्रक शामिल हैं. इनमें बड़े पिक-अप ट्रक, मूविंग ट्रक, कार्गो ट्रक, डंप ट्रक और 18-पहिया ट्रैक्टर शामिल हैं. ट्रंप ने कहा कि यह कदम अमेरिकी निर्माता कंपनियों को अनुचित विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने के लिए उठाया गया है. इस फैसले से पैकर के स्वामित्व वाली पीटरबिल्ट और केनवर्थ- डेमलर ट्रक के स्वामित्व वाली फ्रेटलाइनर जैसी कंपनियों को फायदा होगा.अमेरिकी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने पहले ट्रंप से अपील की थी कि ट्रकों पर नए टैरिफ न लगाए जाएं. उनका कहना था कि आयात के शीर्ष पांच स्रोत मेक्सिको, कनाडा, जापान, जर्मनी और फिनलैंड अमेरिका के सहयोगी या नजदीकी साझेदार हैं और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं.



# दिवाली पर उल्लुओं की बलि!

## > जंगलों में अलर्ट जारी

**लखनऊ.**

त्यौहार लोगों के लिए खुशियां लेकर आते हैं. इस समय त्योहारी सीजन है. दिवाली आने वाली है. लोग इस मौके पर खुशियां बांटते हैं, लेकिन इस समय उल्लुओं का शिकार काफी बढ़ जाता है. तंत्र-मंत्र की क्रिया और तांत्रिक प्रथाओं के लिए उल्लुओं की बलि दी जाती है. अब इसे रोकने के लिए कॉर्बेट और राजाजी टाइगर रिजर्व प्रशासन हाई अलर्ट पर आ गए हैं. इसके साथ ही नंदा देवी बायोस्फीयर में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है. कई क्षेत्रों में पुलिस गश्त कर रही है. बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर भी खास नजर रखी जा रही है. बॉर्डर वाले इलाकों में चौकसी और ज्यादा बढ़ा दी गई है. यही नहीं कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं. वन विभाग की ओर से लोगों से अपील की गई है कि वह तंत्र-मंत्र के चक्कर में न पड़ें. उत्तराखंड में वन विभाग की ओर से हाई अलर्ट जारी किया गया है. दिवाली के मौके पर उल्लू की तस्करी को रोकने के लिए खास निगरानी की रखी रही है. इसके साथ ही वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए पुलिस से मदद लेने की बात भी कही गई है. दिवाली पर कई कुख्यात गिरोह एक्टिव हो जाते हैं. इन दिनों में उल्लू के शिकार और तस्करी की कई घटनाएं होती हैं. इसी को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया गया है और रिजर्व्ड एरिया में भी गश्त बढ़ा दी गई है. चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन आर.के. मिश्र ने बताया कि सभी संरक्षित और आरक्षित वन क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है. वन विभाग के कर्मचारियों को ज्यादा सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं. दीपावली के दौरान पटाखों के शोर से कॉर्बेट और राजाजी टाइगर रिजर्व सहित अन्य सेंचुरी और चिड़ियाघरों में वन्यजीवों के बिदकने की आशंका को देखते हुए साउंड लेवल की निगरानी के भी निर्देश जारी किए गए हैं.



राज्य की सीमाएं उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से सटी होने की वजह से वहां खास चौकसी रखी जा रही है. उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वह दीपावली पर किसी भी तरह के तंत्र-मंत्र या अंधविश्वास से दूर रहें. अगर कहीं वन्यजीवों के शिकार, तस्करी या अंधविश्वास से जुड़ी गतिविधि दिखे तो तुरंत वन विभाग को जानकारी दें. नैनीताल जिले के रामनगर स्थित कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है और रात में गश्त भी बढ़ा दी गई है.

# अब ब्रह्मोस से नहीं बच पाएंगे विरोधी-राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली.**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि अब पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन 'ब्रह्मोस' मिसाइल की पहुंच में है। राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लखनऊ स्थित 'ब्रह्मोस एयरोस्पेस' इकाई में निर्मित 'ब्रह्मोस' मिसाइल की पहली खेप के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा, 'ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि अब जीत हमारे लिए कोई छोटा-मोटा इंसीडेंट (घटना) नहीं रहा, बल्कि यह हमारी आदत बन चुकी है। अब हमें इस आदत को बनाए रखने के साथ-साथ इसे और भी मजबूत करने का संकल्प लेना होगा।'



सिंह ने अपने भाषण में उपरोक्त पंक्ति पूरी नहीं, बल्कि वहां मौजूद लोगों से कहा, 'अब मुझे आगे बोलने की कोई जरूरत नहीं है-आप खुद समझदार हैं।' राजनाथ सिंह ने कहा कि देश और दुनिया की उम्मीदें भारत के लिए एक बड़ा अवसर हैं। उन्होंने कहा कि जब देशवासियों को यह विश्वास होता है कि हमारे पास 'ब्रह्मोस' जैसा हथियार है, तो यह उन्हें सुरक्षा का भरोसा देता है। उन्होंने कहा, 'इसमें (मिसाइल) एक ओर परंपरागत चीज है तो दूसरी ओर आधुनिक सिस्टम है। यह लंबी दूरी तक मार करने में सक्षम है। यह वायुसेना, नौसेना और थलसेना-तीनों ही सेनाओं का भरोसा है। यह एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सपनों को साकार करने की ताकत रखता है।'

उन्होंने कहा, 'इसी विश्वास ने हमें ऑपरेशन सिंदूर में ताकत दी, जहां 'ब्रह्मोस' एक सामान्य सिस्टम नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा का सबसे बड़ा 'प्रैक्टिकल प्रूफ' (व्यावहारिक प्रमाण) साबित हुआ है।' राजनाथ सिंह ने दोहराया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने ब्रह्मोस को केवल एक परीक्षण (ट्रायल) नहीं, बल्कि एक व्यवहारिक और सफल सैन्य प्रणाली के रूप में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों से लेकर सामान्य नागरिकों तक, बड़े शहरों से लेकर छोटे गांवों तक, और शिक्षित से लेकर कम शिक्षित नागरिकों तक, सभी में 'ब्रह्मोस' की ताकत का व्यापक रूप से विश्वास है।

# पाक ने अफगानिस्तान से सारे रिश्ते तोड़े

**काबुल.**

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब पाक के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बार फिर इन हमलों में भारत को घसीटने की हिमाकत की है. साथ ही पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने अफगानिस्तान के साथ संबंध खत्म करने का ऐलान करते हुए पाकिस्तान में रह रहे सभी अफगान नागरिकों को अपने वतन लौटने के लिए कह दिया है.




उनके ये बयान 48 घंटे के युद्धविराम की समयसीमा शाम 6 बजे खत्म होने के बाद आए. हालांकि, मीडिया रिपोर्टों के अनुसार दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों की कतर में बैठक तय होने के चलते संघर्षविराम को बढ़ा दिया गया है ताकि वर्तमान तनाव का समाधान निकाला जा सके. आसिफ ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, अब कोई विरोध पत्र या शांति की अपील नहीं होगी. कोई प्रतिनिधिमंडल काबुल नहीं जाएगा. जहां भी आतंकवाद का स्रोत होगा, उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी.

उन्होंने आरोप लगाया कि काबुल अब भारत का मोहरा बन चुका है और भारत और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान क साथ मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ साजिश कर रहा है. उन्होंने कहा, काबुल के वो शासक जो अब भारत की गोद में बैठे पाकिस्तान के खिलाफ साजिश रच रहे हैं, कभी हमारे संरक्षण में हमारे ही देश में छिपे रहते थे. आसिफ ने साफ कहा कि पाकिस्तान अब अफगानिस्तान के साथ वैसा रिश्ता नहीं रख सकता जैसा पहले था.

यह विवादित बयान तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद आया है. मुत्ताकी ने हाल ही में 6 दिन का भारत दौरा किया था, इसी दौरे के बाद पाकिस्तान बौखला गया है. मुत्ताकी के इसी दौरे के दौरान पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमला किया. इसी के बाद अब दोनों देशों के बीच दिन-बा-दिन तनाव बढ़ता जा रहा है.

रक्षा मंत्री ने साथ ही सभी पाकिस्तान में रह रहे अफगान के लोगों को उनके देश वापस लौटने के लिए कहा. उन्होंने कहा, पाकिस्तानी धरती पर रहने वाले सभी अफगान नागरिकों को अपने वतन लौट जाना चाहिए. अब उनके पास काबुल में अपनी खुद की सरकार है. हमारी जमीन और संसाधन 2.5 करोड़ (250 मिलियन) पाकिस्तानी लोगों के लिए हैं. आत्म-सम्मान रखने वाले राष्ट्र किसी पराई जमीन और संसाधनों पर पनपते नहीं हैं. अब उनके पास काबुल में अपनी सरकार [या] खिलाफत है. इस्लामी क्रांति को पांच साल हो चुके हैं. उन्हें पाकिस्तान के साथ पड़ोसी की तरह रहना होगा.

### काबुल से नहीं मिली कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया

आसिफ ने दावा किया कि अगर काबुल से और आक्रामकता हुई तो पाकिस्तान खुद की रक्षा करने के लिए तैयार और सक्षम है और कहा कि 5 वर्षों की हमारी कोशिशों और बलिदानों के बावजूद काबुल से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है. उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने अफगान पक्ष को 836 विरोध पत्र और अतिरिक्त 13 डेमार्शे जारी किए.